हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 160, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 2 दिसम्बर, 2022 दिन शुक्रवार गाजीपुर/वाराणसी

## कांग्रेस में मुझे गाली देने की होड़ मची है : प्रधानमंत्री मोदी

### रावण विवाद पर बोले पीएम– जितना कीचड़ उछालोगे, उतना ही कमल खिलेगा



अहमदाबाद। गुजरात चुनाव के पहले चरण का मतदान जारी है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दूसरे चरण के लिए प्रचार के दौरान कांग्रेस को आड़े हाथ लिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के पीएम पर दिए गए 'रावण' वाले बयान पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं के बीच इस बात को लेकर होड़ मची है कि कौन उनके खिलाफ सबसे अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करेगा।

**कांग्रेस में गाली देने की होड़**– पीएम ने एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं के बीच मुझे गाली देने की होड़ मची है। पीएम ने कहा कि मुझे जितना गाली दोगे उतना ही फायदा भाजपा को होगा। उन्होंने कहा कि जितना कीचड़ उछालोगे, उतना ही कमल खिलेगा। पीएम ने पिछले महीने मधुसूदन मिस्त्री की टिप्पणी का जिक्र भी किया, उन्होंने कहा खरगे से पहले कांग्रेस के एक अन्य नेता ने कहा था कि पार्टी मोदी को उनकी 'औकात' दिखाएगी।

**खरगे जी को मजबूर किया गया**– पीएम मोदी ने कहा कि मैं खरगेजी का सम्मान करता हूं लेकिन उन्हें पार्टी आलाकमान के आदेशों का पालन करना पड़ता है। पीएम ने कहा कि उन्हें यह कहने के लिए मजबूर किया गया था कि मोदी के रावण की तरह 100 सिर हैं। लेकिन, कांग्रेस को यह नहीं पता था कि गुजरात राम भक्तों की भूमि है और उसे इसका जवाब मिलेगा। खरगे ने सोमवार रात अहमदाबाद शहर के बेहरामपुरा इलाके में एक रैली को संबोधित किया, जहां उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सभी चुनावों में लोगों से अपना चेहरा देखकर वोट करने के लिए कहते हैं। उन्होंने कहा था, 'क्या आप रावण की तरह 100 सिर वाले हैं।'

**भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाती थी कांग्रेस**– गुजरात में पंचमहल जिले के कलोल कस्बे में गुरुवार को एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने पलटवार करते हुए कहा कि "जो लोग कभी भगवान राम के अस्तित्व में विश्वास नहीं करते थे, वे अब रामायण से रावण' ले आए हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने कभी भी इस बात को लेकर कोई पश्चाताप नहीं किया, तो मेरे लिए इस तरह के अपशब्दों का इस्तेमाल करने के बाद माफी मांगने की बात तो भूल ही जाइए।

**शाह बोले– जनता देगी जवाब**– केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद में रोड शो के दौरान एंटी-रेडिकल सेल और पीएम मोदी पर कांग्रेस की टिप्पणी से जुड़े मुद्दों पर बात की। उन्होंने कहा कि जब भी कांग्रेस ने पीएम मोदी के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल किया, गुजरात के लोगों ने बैलेट बॉक्स के माध्यम से जवाब दिया है। शाह ने कहा कि जिस तरीके से कांग्रेस अब बयानबाजी कर रही है जनता एकबार फिर से जवाब देने को तैयार है।

**पीएम मोदी के गिनाए काम**– शाह ने कहा कि नरेंद्र मोदी जब राज्य के मुख्यमंत्री थे तो उन्होंने लोगों की कई बुनियादी समस्याओं का समाधान किया था। नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में, गुजरात में विभिन्न समस्याओं का समाधान किया गया था। गुजरात पानी की कमी की समस्या का सामना करता था, लेकिन नरेंद्र मोदी ने चेकडैम बनाकर, 'नर्मदा योजना' और 'सुजलाम सुफलाम' लाकर एक स्थायी समाधान निकाला।

## पाकिस्तान की कोयला खदान में जोरदार धमाका, नौ मजदूरों की दर्दनाक मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक कोयला खदान में हुए गैस विस्फोट में नौ कर्मचारियों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। जिला पुलिस अधिकारी नजीर खान ने कहा कि बुधवार को खैबर पख्तूनख्वा के ओरकजई आदिवासी जिले में डॉली कोयला खदान में 13



श्रमिक थे, जब खदान के अंदर गैस की चिंगारी के कारण विस्फोट हुआ। उपायुक्त अदनान खान ने कहा कि पट्टा ठेकेदार सहित नौ शव बरामद किए गए हैं। खान ने कहा कि शेष चार खनिक, जिन्हें गंभीर चोटें आई हैं, को मलबे से निकाला गया और केडीए जिला मुख्यालय अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। सरकार के खनिज विकास विभाग के अधिकारियों की एक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और खदान के अंदर गैस की चिंगारी के रूप में विस्फोट के कारणों का पता लगाया। अफगान सीमा पर उत्तर-पश्चिमी ओरकजई जिले में कोयले के भंडार पाए जाते हैं और दुर्घटनाएं आम हैं।

## श्रद्धा हत्याकांड : आरोपी आफताब का नार्को टेस्ट पूरा, पुलिस को अब रिपोर्ट का इंतजार

नई दिल्ली। दिल्ली के महरौली इलाके में हुए श्रद्धा वालकर हत्याकांड के आरोपी आफताब अमीन पूनावाला का आज गुरुवार को नार्को टेस्ट हुआ। आफताब को नार्को टेस्ट के बाद ऑब्जरवेशन में रखा गया। रोहिणी स्थित अंबेडकर अस्पताल में करीब दो घंटे तक आफताब का नार्को टेस्ट चला। अब रिपोर्ट का इंतजार रहा है। उम्मीद है कि नार्को टेस्ट से पुलिस को कुछ अहम जानकारियां मिलेंगी। टेस्ट के दौरान अंबेडकर अस्पताल के बाहर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे। डॉ नवीन कुमार के नेतृत्व में सात डॉक्टरों की टीम ने नार्को टेस्ट किया। इससे पहले, मंगलवार को पॉलीग्राफ टेस्ट में आफताब ने श्रद्धा की हत्या और शव के टुकड़े फेंकने की बात कबूल की थी। वहीं, श्रद्धा हत्याकांड मामले में आफताब की मनोचिकित्सक महिला दोस्त ने पुलिस को पूछताछ में बताया है कि वह आफताब के घर दो बार गई थी, लेकिन उसे एक बार भी नहीं लगा कि घर में शव के टुकड़े रखे हुए हैं। उसे श्रद्धा की हत्या की जानकारी नहीं थी। आफताब ने महिला को श्रद्धा की अंगूठी गिफ्ट में दी थी जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया था। पुलिस के अनुसार, आफताब ने 18 मई को श्रद्धा की हत्या कर शव के टुकड़े कर दिए थे।



सिर व धड़ को करीब छह माह तक फ्रिज में रखे थे, इन्हें 18 अक्तूबर को छतरपुर के जंगल में फेंका गया था। पुलिस को अभी तक सिर व धड़ नहीं मिला है। श्रद्धा की हत्या करने के बाद आफताब ने महिला दोस्त से डेट करना शुरू कर दिया था।

दोनों की मुलाकात उसी बंबल डेटिंग एप से हुई थी, जिससे श्रद्धा व आफताब मिले थे। महिला अक्तूबर में दो बार आफताब के छतरपुर स्थित किराये के फ्लैट पर आई थी, लेकिन उसे भनक तक नहीं लगी कि श्रद्धा के शव के टुकड़े घर में रखे हुए हैं। आफताब ने 12 अक्तूबर को उसे अंगूठी गिफ्ट की थी। उसे पता नहीं था कि अंगूठी किसकी है। श्रद्धा की हत्या के 12 दिन बाद दोनों 30 मई को संपर्क में आए थे।

**आफताब को कभी डरते हुए नहीं देखा**– पुलिस पूछताछ में महिला ने बताया कि उसने आफताब को कभी डर में नहीं देखा। आरोपी उसे मुंबई वाले घर के बारे में बताया करता था। उसका व्यवहार हमेशा सामान्य लगा। उसका काफी केयरिंग नेचर था। उसे कभी नहीं लगा कि उसे मनोविकार है। उसके पास कई तरह के परफ्यूम हैं। वह उसे अक्सर परफ्यूम गिफ्ट किया करता था। आफताब सिगरेट पीने का आदि था।

## पिता की मौत का बदला लेने के लिए लड़की ने रचा खुद की मौत का स्वांग, प्रेमी के साथ मिलकर किया कत्ल



ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा के दादरी क्षेत्र से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां बडपुरा गांव की रहने वाली पायल भाटी ने पिता की मौत का बदला लेने के लिए खुद की मौत का स्वांग रचा है। आरोपित लड़की ने अपने बॉयफ्रेंड के साथ मिलकर अपनी ही कद काठी की लड़की हेमा चौधरी का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी। जानकारी के मुताबिक, आरोपित पायल भाटी ने जिस लड़की की हत्या की है, उसको अपने कपड़े पहना दिए थे। पायल ने ऐसा इसलिए किया किया था कि पुलिस उन्हें मरा समझे और वह इस संगीन जुर्म से बच निकले।

**कर्ज से तंग आकर पैरेंट्स ने की थी आत्महत्या**– पायल के माता-पिता ने करीब 6 महीने पहले कर्ज से तंग आकर आत्महत्या कर ली थी। जिन लोगों से तंग आकर पायल के माता-पिता ने आत्महत्या की थी उनसे बदला लेने के लिए पायल ने यह पूरा मौत का स्वांग रचा। पायल के पुरुष मित्र का नाम अजय ठाकुर बताया जा रहा है।

**शोरूम में नौकरी करती थी हेमा चौधरी**– अपहरण के बाद मार दी जाने वाली हेमा चौधरी ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौर सिटी मॉल के वैन हुसेन शोरूम में नौकरी करती थी। पहचान न हो सके इसलिए हेमा की हत्या करने के बाद उसके चेहरे को गर्म सरसों के तेल से जला दिया था।

**पायल के घरवालों ने किया उसका अंतिम संस्कार**– हैरानी की बात यह है कि पायल भाटी के घरवालों ने हेमा के शव को पायल का समझकर उसका अंतिम संस्कार कर दिया और 21 नवंबर को तेरहवीं भी कर दी। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि हेमा का अपहरण 12 नवंबर की रात किया गया था।

**मंदिर में की दो बच्चों के बाप के साथ शादी**– आरोपित पायल भाटी ने पुरुष मित्र अजय ठाकुर के साथ 19 नवंबर को आर्य समाज मंदिर में शादी कर ली थी। अजय ठाकुर दो बच्चों का पिता है। वह मूल रूप से बुलंदशहर के सिकंदराबाद का रहने वाला है।

## जल शक्ति मंत्रालय का ट्विटर हैंडल हैक : जांच में जुटी एजेंसियां, 9 दिन में दूसरा बड़ा साइबर अटैक

नई दिल्ली। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय का ट्विटर हैंडल गुरुवार सुबह हैक हो गया। इसके बाद से ही सिक्योरिटी एजेंसी और साइबर एक्सपर्ट जांच में जुट गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब अकाउंट को रिस्टोर कर लिया गया है। पिछले हफ्ते दिल्ली AIIMS का सर्वर हैक होने के बाद किसी सरकारी साइट पर यह दूसरा बड़ा साइबर अटैक है।

मंत्रालय के ट्विटर हैंड से मंगलवार सुबह 5:38 बजे क्रिप्टो वॉलेट सुई वॉलेट को बढ़ावा देने वाला एक ट्वीट किया गया। सुई का लोगो और नाम दिखाने के लिए कवर फोटो के साथ अकाउंट की प्रोफाइल फोटो को तिरंगे से सुई के लोगो में भी बदल दिया गया था। ट्वीट में कई अज्ञात खातों को भी टैग किया गया था। हालांकि, कुछ समय बाद अकाउंट को रिस्टोर कर लिया गया और सारे ट्वीट डिलीट कर दिए गए। सुरक्षा एजेंसियां और साइबर एक्सपर्ट इस घटना की जांच कर रहे हैं। 9 दिन पहले 23 नवंबर को दिल्ली AIIMS के सर्वर पर साइबर अटैक हुआ था। इस दौरान हैकर्स ने क्रिप्टोकरेंसी में कथित तौर पर 200 करोड़ रुपए की मांग की, हालांकि दिल्ली पुलिस ने किसी भी फिरौती से इनकार कर दिया। इसके बाद जबरन वसूली और साइबर टेररिज्म का मामला दर्ज किया गया। फिलहाल, इंडिया कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम दिल्ली पुलिस और गृह मंत्रालय के प्रतिनिधि घटना की जांच कर रहे हैं। अभी तक हैकिंग के सोर्स का पता नहीं चला है। इंडसफेस की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत में हर महीने हेल्थकेयर सेक्टर पर लगभग 3 लाख साइबर हमले होते हैं। ये दुनियाभर में दूसरे सबसे अधिक साइबर हमले हैं। अमेरिकी हेल्थ सेक्टर पर हर माह लगभग पांच लाख साइबर अटैक होते हैं।

## देश को तोड़ने वालों के समर्थन में निकाली जा रही भारत जोड़ो यात्रा, स्वरा भास्कर के शामिल होने पर बोली भाजपा

उज्जैन (मध्य प्रदेश)। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा गुरुवार सुबह उज्जैन से घटिया, घोंसला की ओर रवाना हुई। बालीवुड अभिनेत्री स्वरा भास्कर भी उनकी यात्रा में साथ हुईं। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, कांग्रेस नेता हरीश रावत, विधायक रामलाल मालवीय, मुरली मोरवाल और हजारों की भीड़ कदमताल करती चली। उनके स्वागत में बड़ी संख्या में लोग सड़क किनारे घंटों खड़े रहे। इस बीच वे सभी लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन करते रहे। यात्रा के दौरान आगे-आगे नेता, पीछे गाड़ियों का लंबा काफिला चल रहा था। वहीं, आमजन के साथ नेताओं में भी उनके साथ फोटो खिंचवाने की होड़ रही। राहुल गांधी ने अपने फेसबुक पेज पर इस दरमियान संदेश दिया कि लोकतंत्र की रक्षा का जो संकल्प हम लेकर निकले हैं, यह साथ चलता जनसैलाब उसकी जरूरत और सफलता,



दोनों का साक्ष्य है। भारत जोड़ो यात्रा को मिल रहा हर वर्ग और पीढ़ी का समर्थन, इसे संविधान की रक्षा और देश की एकता की बुनियाद बना रहा है। बता दें कि सुबह 6 बजे यात्रा उज्जैन के आरडी गार्डी मेडिकल कालेज से शुरू हुई, जो नजरपुर गांव में एचपी पेट्रोल पंप के पास 10 बजे विश्राम के लिए रुकी। इसके बाद घटिया बस स्टैंड से दोपहर में फिर शुरू होकर झालार गांव पहुंचकर यात्री विश्राम करेगी। अभिनेत्री स्वरा भास्कर के भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने पर मध्य प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा में टुकड़े-टुकड़े गैंग की समर्थक स्वरा भास्कर और कन्हैया कुमार जैसे राष्ट्र विरोधी मानसिकता वाले लोगों का शामिल होना इस बात का प्रमाण है कि यह भारत को तोड़ने वालों के समर्थन में निकाली जा रही यात्रा है।

## ऐसोटेक द नेस्ट सोसायटी में करीब 25 मिनट तक फंसी तीन बच्चियां, केस दर्ज

गाजियाबाद। गाजियाबाद के क्रासिंग रिपब्लिक की ऐसोटेक द नेस्ट सोसायटी में तीन बच्चियों के लिफ्ट में फंसने के मामले में बुधवार रात को रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। लिफ्ट में फंसने की घटना 29 नवंबर की शाम की है। इस मामले में थाना क्रासिंग रिपब्लिक में सोसायटी की एओए अध्यक्ष चित्रा चतुवेर्दी और सचिव अभय झा के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है।

सोसाइटी के डी टावर में रहने वाले शिवम गहलोत ने बताया कि तीसरी कक्षा में पढ़ने वाली उनकी बेटी तेजस्विनी 29 नवंबर को अपनी दोस्त मिषिका और वैदेही के साथ पार्क में जाने के लिए फ्लैट से निकली थी तीनों नें 11वें तल से लिफ्ट में प्रवेश किया। आरोप है कि दरवाजा बंद हुआ, लेकिन लिफ्ट नहीं चली। बच्चियों के चिल्लाने और लिफ्ट का दरवाजा पीटने की आवाज सुनकर फ्लोर पर रहने वाले लोगों ने मेंटेनेंस टीम को सूचना दी। शिवम का कहना है कि गार्ड के साथ लिफ्ट आपरेटरों ने भी इधर से उधर घूमने में कई मिनट खर्च कर दिए।? करीब 25 मिनट बाद दरवाजा खुला तो तीनों बच्चियों को निकाला गया। गनीमत थी कि लिफ्ट के अंदर की लाइट जल रही थी। बावजूद इसके तीनों बच्चियां काफी डरी हुई थीं। शिवम के मुताबिक एओए सोसायटी में लंबे समय से मेंटेनेंस का काम देख रही है। बीते साल भी लिफ्ट के कई हादसे हो चुके हैं। बावजूद इसके लिफ्ट का रखरखाव ठीक प्रकार से नहीं किया जा रहा है। एसएचओ क्रासिंग रिपब्लिक अब्दुल रहमान सिद्दीकी ने बताया कि शिकायत के आधार पर चित्रा चतुवेर्दी और अभय झा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। छानबीन कर आगे की कार्रवाई करेंगे। इस संबंध में चित्रा चतुवेर्दी को फोन किया तो उनका नंबर स्विच आफ था। अभय झा का कहना है कि शाम की घटना थी, जिसमें गार्ड ने तुरंत दरवाजा खोलने का प्रयास किया। दरवाजा नहीं खुला तो मेंटेनेंस टीम को सूचना देकर तुरंत बच्चों को बाहर निकलवा लिया गया था।

## हवाई अड्डे पर अब आपका चेहरा ही 'बोर्डिंग पास', सिंधिया ने 'डिजियात्रा' सुविधा लॉन्च की

नई दिल्ली। नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को डिजियात्रा सुविधा की शुरूआत कर दी है। इसके तहत राष्ट्रीय राजधानी में हवाईअड्डे पर चेहरे की पहचान प्रणाली के आधार पर हवाई यात्रियों को प्रवेश की अनुमति होगी। डिजियात्रा सुविधा के साथ हवाई अड्डों पर यात्रियों को कागज रहित प्रवेश मिलेगा। सुरक्षा जांच क्षेत्रों सहित विभिन्न चेकप्वाइंट्स पर चेहरे की पहचान प्रणाली के आधार पर यात्री डेटा को स्वचालित रूप से अपडेट किया जा सकेगा। दिल्ली के अलावा गुरुवार को वाराणसी और बेंगलुरु एयरपोर्ट पर डिजियात्रा सुविधा शुरू की गई। सेवा का लाभ उठाने के लिए यात्रियों को आधार-आधारित सत्यापन और एक सेल्फ इमेज कैप्चर का उपयोग करके डिजियात्रा ऐप पर अपना विवरण दर्ज करना होगा। उसके अगले चरण में बोर्डिंग पास को स्कैन करना होता है और अपने क्रेडेंशियल्स को हवाई अड्डे के साथ साझा किया जाता है।



एयरपोर्ट के ई-गेट पर यात्री को पहले बार कोडेड बोर्डिंग पास को स्कैन करना होगा। उसके बाद ई-गेट पर लगा फेशियल रिकग्निशन सिस्टम यात्री की पहचान और यात्रा दस्तावेज को मान्य करेगा। एक बार यह प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद यात्री ई-गेट से एयरपोर्ट में प्रवेश कर सकता है। यात्री को सुरक्षा क्लियर करने और विमान में सवार होने के लिए सामान्य प्रक्रिया का पालन करना होगा। डिजियात्रा ऐप का बीटा संस्करण 15 अगस्त को लॉन्च किया गया था। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड राष्ट्रीय राजधानी में इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का संचालन करती है। यह देश का सबसे बड़ा हवाई अड्डा भी है। डिजियात्रा चेहरे की पहचान तकनीक पर आधारित है और यह बोर्डिंग प्रक्रिया को तेज और निर्बाध बनाएगी। इसके अलावा, डिजियात्रा हवाईअड्डे पर बढ़ी हुई सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। यात्री डेटा एयरलाइंस प्रस्थान नियंत्रण प्रणाली के साथ अटैच होगा इससे केवल निर्दिष्ट यात्री ही टर्मिनल में प्रवेश कर सकेंगे। डिजियात्रा के संचालन के लिए डिजियात्रा फाउंडेशन को नोडल निकाय बनाया गया है। यह एक गैर-लाभकारी कंपनी है। फाउंडेशन के शेयरधारक एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई), कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (सीआईएएल), बैंगलोर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (बीआईएएल), दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डीआईएएल), हैदराबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एचआईएएल) और मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एमआईएएल) हैं।

## मुफ्त में बिजली बांटने वालों पर नीतीश का तंज सीएम ने की 'वन नेशन, वन टैरिफ' की मांग

बिहार। देश में मुफ्त बिजली को लेकर राजनीतिक दल खूब दांव चल रहे हैं। दिल्ली में आम आदमी पार्टी और उसके राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मुफ्त बिजली को चुनावी मुद्दा बनाया। उसके बाद उन्होंने हर राज्य में मुफ्त बिजली देने की बात कही। इसमें उन्हें पंजाब में सफलता भी मिली। आम आदमी पार्टी के ही रास्ते पर चलते हुए कई राज्यों में विभिन्न दलों ने मुफ्त में बिजली देने की बात कही है। जिससे उन्हें चुनावी फायदे की उम्मीद भी होती है। हालांकि, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसे बेमतलब की बात बताया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि उनके पास कोई काम नहीं है वह कुछ भी बोलते रहते हैं। हालांकि, नीतीश कुमार ने केंद्र सरकार पर भी जबरदस्त तरीके से निशाना साधा। बिहार के मुख्यमंत्री ने साफ तौर पर कहा कि केंद्र को हर नागरिक का कल्याण करना है और यही कारण है कि उन्हें हर राज्य को सामान दर पर बिजली मुहैया कराना चाहिए। सीएम ने वन नेशन वन तारीफ की डिमांड भी कर दी। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि अगर देश एक है, सभी नागरिकों का कल्याण करना है तो फिर अलग-अलग रेट क्यों? यह फर्क क्यों है? यह सारा काम तो केंद्र का है। वहीं से सभी को बिजली मिल रही है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि प्रदेश के लिए एक ही तरह का रेट होना चाहिए। नीतीश कुमार ने एक देश, एक बिजली शुल्क की नीति का आह्वान करते हुए कहा कि कुछ राज्य अन्य की तुलना में ऊंची कीमत पर बिजली खरीदते हैं। नीतीश ने 15,871 करोड़ रुपये मूल्य की बिजली विभाग की परियोजनाओं का अनावरण करते हुए आगे कहा कि बिहार को अन्य राज्यों की तुलना में केंद्र सरकार के बिजली संयंत्रों से ऊंची दर पर बिजली मिलती है। उन्होंने कहा कि सारे राज्य देश के समग्र विकास में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। मैंने पहले भी कई बार कहा था कि एक देश, एक बिजली शुल्क की नीति होनी चाहिए।

## संपादकीय

# संवेदनहीनता की हद

समूचे जीव-जगत में इंसान को इसलिए सबसे अलग और विशेष माना जाता है कि मानव सभ्यता के विकास के क्रम में इसके भीतर विकसित विवेक और संवेदना ने इसे पारिस्थितिकी के चक्र को समझने का मौका दिया और उसी मुताबिक इसके व्यवहार बनते गए। लेकिन इसके समांतर इसी समाज में ऐसे बर्ताव ने भी अपनी जगह बनाई, जिसके रहते इंसानी तकाजों पर सवाल उठते हैं। उत्तर प्रदेश के बदायूं में चूहे को मारने के आरोप में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया जाना एक अलग घटना लग सकती है, लेकिन इसे मनुष्य के बीच अवांछित व्यवहारों के एक उदाहरण के तौर पर भी देखा जा सकता है। यह मामला चूंकि अब कानून के कठघरे में है, इसलिए अब इसका फैसला कानूनी प्रक्रिया के तहत किया जाएगा। दरअसल, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम का मकसद ही मनुष्य के ऐसे व्यवहारों पर लगाम लगाना है, जिसमें वह बेमानी वजहों से किसी पशु पर हमला करता है या उसे मार डालने के लिए क्रूर तौर-तरीके अपनाता है। इस लिहाज से देखें तो बदायूं की घटना में यह विचित्र था कि युवक ने पहले तो एक चूहे को मारने के लिए उसकी पूंछ को एक पत्थर से बांधा, फिर उसे एक नाले में फेंक दिया, जिससे चूहे की मौत तड़प-तड़प कर हो। किसी पशु के प्रति इस तरह की क्रूरता का यह कोई अकेला उदाहरण नहीं है। आए दिन ऐसे मामले सामने आते रहते हैं। हाल ही में दिल्ली में एक गर्भवती कुतिया को एक कालेज के कुछ कर्मचारियों और छात्रों ने मिल कर बेहद बर्बरता से पीट-पीट कर मार डाला। इस घटना का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया। लेकिन यह अपने आप में किसी भी मनुष्य के वजूद पर सवाल है कि किसी जीव के प्रति उसके भीतर किस हद तक संवेदनहीनता मौजूद है। यह समझना मुश्किल है कि किसी भी पशु को तड़पा कर मारने से व्यक्ति को किस तरह संतोष मिलता है! अगर सचमुच कोई संतोष मिलता है तो क्या यह इस बात का सबूत नहीं है कि ऐसे व्यक्ति के भीतर संवेदना का उचित विकास नहीं हो पाया या फिर उसने अपने मानवीय विवेक को दरकिनार कर संवेदनहीन होने के लिए सचेतन प्रयास किया? सच यह है कि मन-मस्तिष्क में मौजूद विवेक आधारित संवेदनशीलता ही मनुष्य को समूचे जीवन-जगत में खास बनाती है। ऐसे तमाम पशु-पक्षी रहे हैं, जो मानव सभ्यता के विकास क्रम में उसके सहायक के रूप में साथ रहे और कई स्तर पर बेहद उपयोगी साबित हुए। यों भी समूचे पारिस्थितिकी तंत्र में जीव-जगत का अपना चक्र है और सभी का जीवन किसी न किसी रूप में एक दूसरे के अस्तित्व से जुड़ा है। इस नाते किसी भी व्यक्ति के लिए यह समझना उसके मनुष्य होने की बुनियादी शर्त के तौर पर देखा जाना चाहिए कि वह किसी भी जीव के प्रति अपने व्यवहार को कितना विवेकसम्मत बना पाता है और अपने व्यवहार में कितनी संवेदनशीलता बरत पाता है। ऐसे तमाम लोग हैं, जो न केवल पालतू, बल्कि आवारा पशुओं के प्रति भी बेहद मानवीय बर्ताव करते हैं, उनसे प्यार जताते हैं और उनके लिए भोजन भी मुहैया कराते हैं। बल्कि कई लोग किसी वजह से घायल हो गए कुत्ते या अन्य पशुओं का इलाज करा कर उनका खयाल रखने की भी कोशिश करते हैं। यह उनके बेहतर मनुष्य होने का प्रमाण होता है। इसके बरक्स अगर कोई व्यक्ति किसी पशु के प्रति क्रूरतापूर्ण तरीके से पेश आता है, उसे मार डालता है तो उसे न केवल मानवीय कसौटी पर कमतर मनुष्य के तौर पर देखा जाना चाहिए, बल्कि उसके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई भी होनी चाहिए।

# आया ऐसा काल !



नई बहस है छिड़ रही ।
आया ऐसा काल ।।
इस्तीफे पर हर तरफ ।
क्यों मचा बवाल ।।
लगा रहेगा आना जाना ।
है करना स्वीकार ।।
काम अपना छोड़ कर ।
ठीक नहीं तकरार ।।
जो जिसका कर्तव्य ।
उसको है निभाना ।।
कुछ भी नहीं है यह तो ।
है बाकी नजराना ।।
व्यर्थ की इन बातों से ।
क्या कुछ मिलने वाला ?
सबको अपना खुद ही ।
दो बनने रखवाला ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# आज से भारत के हाथों में जी-20 की अध्यक्षता

इसलिए हमारा थीम- एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य है। यह सिर्फ एक नारा नहीं है। यह मानवीय परिस्थितियों में उन हालिया बदलावों को ध्यान में रखता है, जिनकी सराहना करने में हम सामूहिक रूप से विफल रहे हैं। जी-20 की पिछली सत्रह अध्यक्षताओं के दौरान वृहद आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने, अंतरराष्ट्रीय कराधान को तर्कसंगत बनाने और विभिन्न देशों के सिर से कर्ज के बोझ को कम करने समेत कई महत्त्वपूर्ण परिणाम सामने आए। हम इन उपलब्धियों से लाभान्वित होंगे तथा यहां से और आगे की ओर बढ़ेंगे।

अब, जबकि भारत ने इस महत्त्वपूर्ण पद को ग्रहण किया है, मैं अपने आपसे यह पूछता हूं- क्या जी-20 अभी भी और आगे बढ़ सकता है? क्या हम समग्र मानवता के कल्याण के लिए मानसिकता में मूलभूत बदलाव लाने की पहल कर सकते हैं? मेरा विश्वास है कि हां, हम ऐसा कर सकते हैं। हमारी परिस्थितियां ही हमारी मानसिकता को आकार देती हैं। पूरे इतिहास के दौरान मानवता का जो स्वरूप होना चाहिए था, उसमें एक प्रकार की कमी दिखी। हम सीमित संसाधनों के लिए लड़े, क्योंकि हमारा अस्तित्व दूसरों को उन संसाधनों से वंचित कर देने पर निर्भर था। विभिन्न विचारों, विचारधाराओं और पहचानों के बीच, टकराव और प्रतिस्पर्धा को ही जैसे आदर्श मान बैठे।

दुर्भाग्य से, हम आज भी उसी शून्य-योग की मानसिकता में अटके हुए हैं। हम इसे तब देखते हैं, जब विभिन्न देश, क्षेत्र या संसाधनों के लिए आपस में लड़ते हैं। हम इसे तब देखते हैं, जब आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति को हथियार बनाया जाता है। हम इसे तब देखते हैं, जब कुछ लोगों द्वारा टीकों की जमाखोरी की जाती है, भले ही अरबों लोग बीमारियों से असुरक्षित हों। कुछ लोग यह तर्क दे सकते हैं कि टकराव और लालच मानवीय स्वभाव है। मैं इससे असहमत हूं। अगर मनुष्य स्वाभाविक रूप से स्वार्थी है, तो हम सभी में मूलभूत एकात्मता की हिमायत करने वाली इतनी सारी आध्यात्मिक परंपराओं के स्थायी आकर्षण को कैसे समझा जाए? भारत में प्रचलित ऐसी ही



एक परंपरा है जो सभी जीवित प्राणियों और यहां तक कि निर्जीव चीजों को भी एक समान ही पांच मूल तत्त्वों- पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश के पंचतत्त्व से बना हुआ मानती है। इन तत्त्वों का सामंजस्य- हमारे भीतर और हमारे बीच भी- हमारे भौतिक, सामाजिक और पर्यावरणीय कल्याण के लिए आवश्यक है। भारत की जी-20 की अध्यक्षता दुनिया में एकता की इस सार्वभौमिक भावना को बढ़ावा देने की ओर काम करेगी। इसलिए हमारा थीम- एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य है। यह सिर्फ एक नारा नहीं है। यह मानवीय परिस्थितियों में उन हालिया बदलावों को ध्यान में रखता है, जिनकी सराहना करने में हम सामूहिक रूप से विफल रहे हैं। आज हमारे पास दुनिया के सभी लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त उत्पादन करने के साधन हैं। आज हमें अपने अस्तित्व के लिए लड़ने की जरूरत नहीं है- हमारे युग को युद्ध का युग होने की जरूरत नहीं है। ऐसा बिल्कुल नहीं होना चाहिए! आज हम जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद और महामारी जैसी जिन सबसे बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, उनका समाधान आपस में लड़कर नहीं, बल्कि मिलकर काम करके ही निकाला जा सकता है।

सौभाग्य से, आज की जो तकनीक है, वह हमें मानवता के व्यापक पैमाने पर समस्याओं का समाधान करने का साधन भी प्रदान करती है। आज हम जिस विशाल वर्चुअल दुनिया में रहते हैं, उससे हमें डिजिटल प्रौद्योगिकियों की व्यापकता का भी पता चलता है। भारत इस सकल विश्व का सूक्ष्म जगत है, जहां विश्व की आबादी का छठा हिस्सा रहता है और जहां भाषाओं, धर्मों, रीति-रिवाजों और विश्वासों की विशाल विविधता है। सामूहिक निर्णय लेने की सबसे पुरानी ज्ञात परंपराओं वाली सभ्यता होने के नाते भारत दुनिया में लोकतंत्र के मूलभूत डीएनए में योगदान देता है। लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत की राष्ट्रीय सहमति किसी आदेश से नहीं, बल्कि करोड़ों स्वतंत्र आवाजों को एक सुरीले स्वर में मिला कर बनाई गई है। आज, भारत सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है। हमारे प्रतिभाशाली युवाओं की रचनात्मक प्रतिभा का पोषण करते हुए, हमारा नागरिक-केंद्रित शासन माडल एकदम हाशिए पर खड़े लोगों का भी खयाल रखता है। हमने राष्ट्रीय विकास को ऊपर से नीचे की ओर के शासन की कवायद नहीं, बल्कि एक नागरिक-नेतृत्व वाला जन आंदोलन बनाने की कोशिश की है। हमने ऐसी डिजिटल जन उपयोगिताएं निर्मित करने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाया है जो खुली, समावेशी और अंतर-संचालनीय हैं। इनके कारण सामाजिक सुरक्षा, वित्तीय समावेशन और इलेक्ट्रानिक भुगतान जैसे विविध क्षेत्रों में क्रांतिकारी प्रगति हुई है। इन सभी कारणों से भारत के अनुभव संभावित वैश्विक समाधानों के लिए अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकते हैं। जी-20 अध्यक्षता के दौरान, हम भारत के अनुभव, ज्ञान और प्रारूप को दूसरों के लिए, विशेष रूप से विकासशील देशों के लिए एक संभावित टेम्प्लेट (सांचे) के रूप में प्रस्तुत करेंगे। हमारी जी-20 प्राथमिकताओं को न केवल हमारे जी-20 भागीदारों, बल्कि दुनिया के दक्षिणी हिस्से में हमारे साथ चलने वाले देशों, जिनकी बातें अक्सर अनसुनी कर दी जाती है, के परामर्श से निर्धारित किया जाएगा। हमारी प्राथमिकताएं हमारी एक पृथ्वी को संरक्षित करने, हमारे एक परिवार में सद्भाव पैदा करने और हमारे एक भविष्य को आशान्वित करने पर केंद्रित होंगी।अपने प्लेनेट (ग्रह) को पोषित करने के लिए, हम भारत की प्रकृति की देख-भाल करने की परंपरा के आधार पर स्थायी और पर्यावरण-अनुकूल जीवन शैली को प्रोत्साहित करेंगे। मानव परिवार के भीतर सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए हम खाद्य, उर्वरक और चिकित्सा उत्पादों की वैश्विक आपूर्ति को गैर-राजनीतिक बनाने की कोशिश करेंगे, ताकि भू-राजनीतिक तनाव मानवीय संकट का कारण न बनें। जैसा हमारे अपने परिवारों में होता है, जिनकी जरूरतें सबसे ज्यादा होती हैं, हमें उनकी चिंता सबसे पहले करनी चाहिए।

हमारी आने वाली पीढ़ियों में उम्मीद जगाने के लिए, हम बड़े पैमाने पर विनाश के हथियारों से पैदा होने वाले जोखिमों को कम करने और वैश्विक सुरक्षा बढ़ाने पर सर्वाधिक शक्तिशाली देशों के बीच एक ईमानदार बातचीत को प्रोत्साहन प्रदान करेंगे।भारत का जी-20 एजंडा समावेशी, महत्त्वाकांक्षी, कार्रवाई-उन्मुख और निर्णायक होगा। आइए, हम भारत की जी-20 अध्यक्षता को संरक्षण, सद्भाव और उम्मीद की अध्यक्षता बनाने के लिए एकजुट हों।आइए, हम मानव-केंद्रित वैश्वीकरण के एक नए प्रतिमान को स्वरूप देने के लिए साथ मिलकरकाम करें।

# भावों की भाषा

भाषा कोई भी हो, सबकी अपनी प्रकृति, व्याकरण और इतिहास होता है। कभी-कभी बिना कुछ कहे भी मनुष्य अपने हाव-भाव और आंखों से बहुत कुछ कह जाता है। भरे भुवन में करत है, नैनों से ही बात। महाकवि बिहारी का यह दोहा अत्यंत प्रासंगिक है। आंखों की भाषा का अपना प्रभाव होता है जो सीधे मर्म को स्पर्श करती है। आंखों के जरिए विविध भावों की अभिव्यक्ति की जाती है। आवश्यकता है आंखों की भाषा को समझना। आंखें बहुत कुछ कहती हैं।

भावों की विविधता के लिए देखिए कि आंखें कितनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जिस पर हमारा ध्यान ही नहीं जाता- एक दिन मैं अपनी बहन के साथ बाजार गई थी। वहीं एक ठेले से हम फल ले रहे थे और उसके पास ही चाट वाले ने अपना ठेला लगा रखा था। एक तरफ कुछ लड़कियों का समूह चटखारे लेकर पानी पताशे का आनंद ले रहा था।

तभी एक फटेहाल बालक वहां आकर बोला- दीदी! उसके इस संबोधन के साथ उसकी आंखें भी बोल रही थीं। शायद वह भी पताशे खाना चाहता था। उन लड़कियों ने उसे घूरते हुए देखा था। वह सहम कर एक ओर हमारे पास आ खड़ा हुआ था। मैंने पताशे वाले से कहा- भैया इसे खिला दो और हमें भी। इसके पैसे हम दे देंगे। यह सुनकर उस बालक की आंखों में आनंद का भाव तैर गया था। वह मग्न होकर पताशे खाने लगा था। छोटी-सी बात पताशे खाने की थी, पर वहां आंखों की कितनी महत्त्वपूर्ण भूमिका थी, जो बहुत कुछ कह गई थी। लड़कियों का बालक को अवहेलना की दृष्टि से देखना, बालक का सहमना, फिर उसका पताशे खाते समय आनंद या तृप्ति का भाव। ये सभी स्थितियां आंखों की भाषा को स्पष्ट करती है। भाषा भावों को सहजता से संप्रेषित करती हैं। आंखें तो बिना कुछ कहे ही बहुत कुछ कह देती हैं। आंखें बोलती हैं, बतियाती है, विविध भावों अनुभूतियों को जीवंत कर देती हैं। एक बिंब उन आंखों में उतर आता है, जो उन स्थितियों घटनाओं और अनुभूतियों को महसूस कराने में सहायक होती है। हिंदी में तो आंखों पर विविध मनःस्थिति को दर्शाते मुहावरे हैं जो यह सिद्ध करते हैं कि आंखों की भाषा कितनी समृद्ध है जो बिना बोले ही बहुत कुछ कह जाती है, संवाद करती है।

संवेदनाओं को अभिव्यक्ति प्रदान करने में आंखों का कोई जवाब नहीं। किसी के प्रति दया या फिर कृतज्ञता का भाव, किसी से सहायता की उम्मीद करती निरीह आंखें, किसी के प्रति असीम स्नेह और प्यार उड़ेलती आंखें, प्रेम भाव से शिकायत करती आंखें, बेबसी में बहुत कुछ बयां करतीं, कनखियों से प्रेमिल भावों को विस्तार देतीं, घूरती आंखें, तो किसी बात पर सहमत न होने पर विरोध दर्ज कराती आंखें..! बिना कुछ बोले भाव संप्रेषण का सामर्थ्य आंखों का वैशिष्ट्य कहा जा सकता है। आंखों पर अनेक गीत, गजल कहानी आदि के साथ बहुत कुछ लिखा गया है। आंखों का भाव सामर्थ्य अत्यधिक विस्तार लिए हुए है, जहां विविध अनुभूतियां अभिव्यक्त होती हैं। बस आंखों की भाव-भंगिमाएं समझ आनी चाहिए। चित्रकार जब अपनी तूलिका से आंखों को उकेरता है तो चित्र जिस संदर्भ या उद्देश्य से बनाया गया है, वह भाव जीवंत हो उठता है। जैसे मृगनयनी नायिका के फैले विस्तृत नेत्र, किसी के दुख के भाव को प्रकट करने के लिए ये नयनों की अलग भंगिमा प्रस्तुत होती है। उदास आंखें अलग भाव से मन के भीतर की पीड़ा वेदना को प्रकट कर देती हैं। गोपनीयता के लिए यानी सबके बीच में कुछ ऐसी बात जो सबको नहीं बतानी हो तो आंखें अपनी कलाकारी दिखाती हुई उस उद्देश्य की पूर्ति भी चुपचाप करती जाती हैं और किसी को पता भी नहीं चलता। ऊपर बिहारी के जिक्र किए गए दोहे में एक साथ देखिए कि कितने भाव आंखों के द्वारा प्रकट हुए हैं। नायक-नायिका समस्त परिजनों के बीच बैठे हुए हैं, लेकिन मुख से एक शब्द बोले बिना ही कितना कुछ और कितने भाव आंखों से प्रकट होते हैं। कहना, मना करना, रीझना खीझना, प्रसन्न होना, लजाना आदि सारे मनोभाव दोनों की आंखों से अभिव्यक्ति पाते हैं, पर किसी को पता भी नहीं चलता। आंखों के माध्यम से भावों का आदान-प्रदान एक क्षण में हो जाता है। फिल्मों में तो आंखों पर गीतों की भरमार है जो आंखों के जादुई स्पर्श को दर्शाते हैं, जो सीधे श्रोताओं के हृदय के भीतर उतरते चले जाते हैं। आंखें और संगीत मिलकर गीत की मूल संवेदना को प्रकट कर देते हैं। कई बार बातचीत के दौरान हम आंखों से संबंधित अनेक भाव की चर्चा करते हैं, जैसे नीरस आंखें, चंचल नयन बोलती आंखें, विस्फारित नेत्र, स्नेहिल भाव से पूरित आंखें आग उगलती आंखें, झुके नयन।

## हिन्दू संगठनों के विरोध के कारण स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ओर से रविवार के स्थान पर शुक्रवार के दिन घोषित छुट्टी की गई रद्द!

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की कुछ शाखाओं ने मुंबई की दादर एवं गोवंडी की शाखाओं को 1 दिसंबर 2022 से रविवार के स्थान पर प्रति शुक्रवार छुट्टी देने का निर्णय लिया था। हिन्दू जनजागृति समिति सहित विभिन्न हिन्दू संगठनों ने एवं जागृत नागरिकों ने इस निर्णय का विरोध किया था। इसके संदर्भ में हिन्दू जनजागृति समिति के शिष्टमंडल ने गोवंडी शाखा, दादर शाखा एवं नरिमन पॉईंट की मुख्य शाखा में ज्ञापन प्रस्तुत कर यह निर्णय रद्द करने की मांग की थी। अंततः आज स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के आधिकारिक ट्वीटर हैंडल से बैंक ने यह निर्णय वापस लेने की घोषणा की। धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र में किसी एक समुदाय का तुष्टीकरण करने का यह प्रयास निंदनीय है। बैंक ने यह निर्णय वापस लिया, इसका हिन्दू जनजागृति समिति स्वागत करती है। समिति ने यह भी कहा है कि ऐसा अन्य कहीं होने की बात ध्यान में आई, तो हम उसका विरोध करेंगे।


स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के इस निर्णय के कारण जनसामान्यों में बैंक के द्वारा मुसलमानों के लिए अनुकूल निर्णय लिए जा रहे हैं, यह भावना उत्पन्न हुई है। शासन के द्वारा नियंत्रित बैंकों में किसी विशिष्ट धर्म के लिए अनुकूल निर्णय लेना अन्य धर्मियों के साथ अन्याय करने जैसा ही है। समिति द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि बैंक को शुक्रवार को छुट्टी घोषित की जा रही है, तो हम पाकिस्तान में रह रहे हैं अथवा हिन्दुस्थान में?, समिति ने बैंक से यह प्रश्न पूछा था कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की कुछ शाखाओं के द्वारा छुट्टी के दिनों में परिवर्तन लाने का निश्चित क्या कारण है? समिति ने यह निर्णय वापस नहीं लिया गया, तो आंदोलन करने की चेतावनी दी थी। अब भले ही बैंक ने यह निर्णय वापस लिया हो; परंतु तब भी केंद्र सरकार को इस घटना की व्यापक जांच कर ऐसा निर्णय लेनेवालों पर कठोर कार्यवाही करनी चाहिए। समिति ने यह मांग की है।

# शिवपाल पर भाजपा को शुरू से था शक इसीलिए पार्टी में नहीं किया गया था शामिल

राजनीति में कुछ भी स्थायी नहीं होता है। कभी-कभी तो राजनीति की पिच पर पारिवारिक कुनबे भी आपस में भिड़ जाते हैं। सिर-फुटव्वल पर उतारू हो जाते हैं। जनता ने यह नजारा हाल फिलहाल में कांग्रेस के गांधी परिवार से लेकर बिहार में लालू यादव के राष्ट्रीय जनता दल, तमिलनाडु में पूर्व मुख्यमंत्री और अब दिवंगत नेता करुणानिधि, अपना दल के दिवंगत नेता सोने लाल पटेल और मुलायम सिंह की समाजवादी पार्टी में खूब देखा है।

खासकर समाजवादी पार्टी में चचा-भतीजे के झगड़े ने तो खूब सुर्खियां बटोरी थीं। चाचा शिवपाल यादव और भतीजे एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के झगड़े में विपक्ष ने खूब चुटकियां ली थीं। एक समय तो भतीजे अखिलेश यादव से नाराज शिवपाल यादव के भारतीय जनता पार्टी तक में जाने की चर्चा शुरू हो गई थी, लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने यादव कुनबे की अंदरूनी जंग में चाचा शिवपाल को समय-समय पर उकसाया तो खूब लेकिन कभी भी शिवपाल को बीजेपी ज्वाइन कराने के बारे में नहीं सोचा। क्योंकि भाजपा आलाकमान जानता था कि कुनबे के दबाव में शिवपाल कभी भी पलटी मार सकते हैं, तब बीजेपी की न केवल बदनामी होगी बल्कि सियासी तौर भी इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है। अब यह साबित भी हो गया है कि बीजेपी सही सोच रही थी। मैनपुरी लोकसभा चुनाव से पूर्व चाचा शिवपाल यादव ने भतीजे अखिलेश यादव से दूरी मिटाकर एक तरह से उनके सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। शिवपाल यादव ने पाला क्या बदला, भारतीय जनता पार्टी ने भी शिवपाल सिंह यादव से आंखें घुमाने में देरी नहीं की। शिवपाल को मिल रही सरकारी सुविधाओं में कटौती शुरू हो गई है तो उनके मंत्री रहते किए गए अनाप-शनाप फैसलों की जांच में तेजी लाई जा सकती है।

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में 2017 में भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (प्रसपा) प्रमुख शिवपाल सिंह यादव की सुरक्षा जब जेड प्लस से घटाकर वाई कर दी गई तो वह मुख्यमंत्री योगी से मिले। इस मुलाकात के बाद उनकी सुरक्षा जेड कर दी गई। उसी वक्त सपा मुखिया अखिलेश यादव से अलग होने के बाद शिवपाल अपने राजनीतिक दल के कार्यालय के लिए भटक रहे थे। सरकार में उनकी बात हुई और उन्हें लाल बहादुर शास्त्री मार्ग पर दफ्तर के लिए बंगला मिल गया। छह साल



बाद जब शिवपाल मैनपुरी में सपा प्रत्याशी डिंपल यादव के लिए वोट मांग रहे हैं तो उनकी सुरक्षा फिर घटा कर वाई कर दी गई है। शिवपाल की सुरक्षा में भले 11 सुरक्षाकर्मी कम हुए हों, पर यह उन पर सरकार की ह्यकृपाह्ल कम होने का भी संकेत है। सपा मुखिया अखिलेश यादव से दूरियों के चलते शिवपाल को सरकार में जो अहमियत हासिल हुई थी, अब उसका दूरियों में बदलना तय है। चर्चा है कि यह मामला सिर्फ सुरक्षा में कमी पर ही नहीं रुकेगा।

सरकार से दूरियां शिवपाल को लाल बहादुर शास्त्री मार्ग पर मिले बंगले पर भी भारी पड़ सकती है। दरअसल, योगी सरकार ने उन्हें यह सरकारी आवास विधायक आवास के रूप में आवंटित किया है। आवास के साथ ही यहां प्रसपा का कार्यालय भी संचालित होता है, जबकि विधायक सिर्फ इस बंगले में रहने के लिए अनुमन्य हैं। मैनपुरी के उपचुनाव में जिस तरह शिवपाल बीजेपी और योगी सरकार पर हमले कर रहे हैं, उसके बाद लग रहा है कि उनके इस आवास के आवंटन पर कभी भी संकट गहरा सकता है। सूत्रों के मुताबिक प्रसपा के कई पदाधिकारियों को सुरक्षा भी मुहैया करवाई गई है। शिवपाल के बाद उन सभी की सुरक्षा का रिव्यू किया जा रहा है। जल्द उनकी सुरक्षा हटाए जाने से जुड़े आदेश भी जारी हो सकते हैं।

इसके अलावा,गोमती रिवर फ्रंट घोटाले में सीबीआई शिवपाल के सबसे करीबी कहे जाने वाले सिंचाई विभाग के तत्कालीन अधीक्षण अभियंता को जेल भेज चुकी है। कुछ माह पहले सीबीआई ने उनके एक और करीबी रिटायर्ड आईएएस अफसर दीपक सिंघल से भी पूछताछ के लिए सरकार से मंजूरी मांगी है। मंजूरी का मामला फिलहाल अटका है। दीपक से पूछताछ के बाद जाहिर है कि सीबीआई की जांच का दायरा बढ़ेगा। ऐसा हुआ तो शिवपाल उसके घेरे में आएंगे। क्योंकि कई अहम बैठकों के साथ उन्होंने मंत्री के रूप में आरोपित और जांच के घेरे में आए अफसरों के साथ विदेश यात्राएं भी की थीं। इसके साथ ही शिवपाल के करीबियों के खिलाफ जिलों में दर्ज मुकदमों में भी कार्रवाई में तेजी आने के पूरे आसार हैं। मैनपुरी चुनाव का फैसला आने के बाद शिवपाल यादव के खिलाफ जांच का दायरा और भी बढ़ सकता है।

# फसल बीमा रथ को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिलाधिकारी आयार्का अखौरी ने प्रधानमंत्री फसल बीमा के प्रचार वाहन रथ को फीता काट कर हरी झंडी दिखाते हुए कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना किया। यह रथ जनपद के सभी विकास खण्डो, ग्राम पंचायतो तथा तहसीलो में प्रचार प्रसार के माध्यम से सरकार की महत्वपूर्ण लाभकारी योजनाओं एवं बीमा के सम्बन्ध मे जानकारी कृषको तक पहुचाया जायेगा। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक अतिंदर सिंह, फसल बीमा के जिला समन्वयक सुनील कुमार श्रीवास्तव, तहसील क्वार्डिनेटर अजीत दुबे और आशीष कुमार यादव, किसान अरुण कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा मण्डल अध्यक्ष चोलापुर के नेतृत्व में थाना चोलापुर के चौकी दानगज में प्रशासन व भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच हुई समन्वय बैठक

प्रखर दानगंज वाराणसी। भाजपा मण्डल अध्यक्ष विनोद सिंह के नेतृत्व में दिनांक 30/11/2022 को थाना चोलापुर के चौकी दानगंज में प्रशासन और भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ के बीच समन्वय बैठक हुई। जिसमें में मण्डल चोलापुर के भाजपा पदाधिकारी व भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। चोलापुर मण्डल में आम जन मानस व क्षेत्र में हो रही परेशानियों से प्रशासन को अवगत कराया गया। जिसमे 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चो को गाड़ी नही चलाने देने, महिलाओ की सुरक्षा, स्कूल के आस पास व क्षेत्र में एंटी रोमियो को और सक्रिय होने को, प्रशासन द्वारा रात्रि गस्त बढाई जाय, तिराहे चोराहे पर पिकेट पुलिस का होना व बाजार में अराजक तत्वों पर सख्त करवाई पर चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद सिंह, थाना चोलापुर एस एच ओ दुर्गेश मिश्रा, दानगंज चौकी इंचार्ज अरुण सिंह वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता सुभाष सिंह, भाजपा युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष अखिलेश जायसवाल, मण्डल उपाधक्ष अरविंद सेठ, शक्ति केंद्र संयोजक अशोक सिंह, सुरेन्द्र सिंह, रामबदन, भाजपा युवा मोर्चा



महामंत्री रामबाबू गुप्ता, मण्डल कोषाध्यक्ष राम नगीना सेठ, भाजयुमो मण्डल उपाध्यक्ष विवेक चौबे, भाजयुमो मण्डल मंत्री मनीष गुप्ता, विशाल सिंह शक्ति केंद्र प्रभारी रितेश सिंह, अखिल सिंह, व भाजपा चोलापुर मण्डल मीडिया प्रभारी राहुल चौबे. रितेश सिंह इत्यादि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्वामी सहजानंद पीजी कालेज का समारोहपूर्वक मना वार्षिकोत्सव

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। स्वामी सहजानंद पीजी कालेज, गाजीपुर का वार्षिकोत्सव आज बृहस्पतिवार को धूमधाम समारोह पूर्वक मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रमाकांत राय शर्मा द्वारा किया गया। आज ही महाविद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय केशव प्रसाद शर्मा की 102 जन्म जयंती भी है। महाविद्यालय के स्वर्ण जयंती वर्ष में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रबंध-समिति के पदाधिकारी, प्राचार्य सहित सभी प्राध्यापक- कर्मचारी, छात्र-छात्राएं सम्मिलित थे।इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के रोवर्स रेंजर्स छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई, इन छात्रों ने वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर की विभिन्न प्रतिस्पर्धा में महाविद्यालय के लिए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ऐसे सभी छात्र छात्राओं को पदक तथा प्रमाण पत्र वितरित किए गए इस अवसर पर महाविद्यालय के एनसीसी इकाई के छात्रों झ अनीस सोगरा, नेहा विश्वकर्मा, सत्यम उपाध्याय, रोहित कुमार, आदि द्वारा पिछले दिनों जिला चिकित्सालय में किये गए रक्तदान कार्यक्रम के लिए प्रमाणपत्र वितरित किये गए।समारोह के प्रारंभ में मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा संस्थापक पंडित केशव प्रसाद शर्मा के चित्र पर माल्यार्पण किया गया बाद में महाविद्यालय के छात्रा संजना तथा कुमारी तथा रितिका पांडे द्वारा नृत्य संबंधी कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के छात्र अभिषेक कुमार प्रजापति द्वारा योग की विभिन्न मुद्राओं का मुद्राओं का अद्वितीय प्रदर्शन किया गया।

## डीएम के निर्देश पर निजी दुकानों से खाद का कराया वितरण

प्रखर पिंडरा वाराणसी। ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारी समितियों पर डीएपी खाद की किल्लत को देखते हुए प्रशासन अब दुकानदारो के यहाँ से खाद वितरण कराने में जुट गई है। डीएम के निर्देश पर गुरुवार को पिंडरा विकास खण्ड के थानारामपुर स्थित एक निजी उर्वरक की दुकान से सरकारी दर से डीएपी खाद का वितरण कृषि विभाग के अधिकारियों ने वितरण शुरू कराया। इस दौरान 1350 रुपये की दर से पहले दिन 50 किसानों को खाद का वितरण किया गया। खाद विक्रेता गुलाब प्रसाद गुप्ता ने बताया कि इच्छुक किसानों को सरकारी दर पर खाद मिल सकेगी। एडीओ कृषि ने बताया कि उक्त दुकान से शुक्रवार को भी वितरण होगा और स्वयं उपस्थित रहेंगे। उर्वरक वितरण के दौरान एडीओ कृषि अनिल कुमार त्रिपाठी, शिवांजली सिंह, प्रवीण कुमार समेत अनेक लोग रहे।

## गांव के तालाब में 12 वर्षीय बच्चे का शव मिला

प्रखर चंदौली। ग्राम सभा भरछा के तलपरा गांव के एक परिवार में अफरा तफरी का माहौल तब बना जब दीपू बघेल पुत्र भीम बघेल उम्र 12 वर्ष अपने पुत्र को रात्रि में घर वापस न आने को सुने। पुत्र को वापस घर न आने पर आस पास के लोग और घर परिवार में बहुत ही दुखद माहौल बना हुआ था,घर के परिजन,सगे सम्बन्धित आस पास के गांव में भी पता लगाए किन्तु दीपू बघेल का कोई अता पता नही चला। गांव के लोगो ने बताया कि दीपू बघेल अभी गांव में ही खेल रहा था लेकिन फिर कहा गया किसी को पता नही चला। शाम होती जा रही थी तभी गांव के लोगो ने तालाब में कूदकर पता लगाने की कोशिश करने लगे लेकिन दीपू बघेल का कोई पता नही चला। किसी तरह रात बिता और जब सुबह हुई तो सुबह की नई किरण दीपू बघेल पुत्र भीम बघेल के जिंदगी में अंधेरा हो गया था । कुछ लोगो ने देखा कि दीपू बघेल का मृत शरीर गांव के उसी तालाब में उतराया दिखाई दे रहा था जिसमे शाम को



करीब 5:45 परिजन व ग्रामीण खोज रहे थे। मृत शरीर को देख लोगो ने शोर मचाना शुरूआत कर दिया और अपने - अपने घरों में से निकलकर तालाब के पास इकठ्ठा हो गए।बीती गत रात्रि 30/11/2022 दिन बुधवार ग्राम सभा भरछा के तलपरा गांव के दीपू बघेल पुत्र भीम बघेल उम्र 12 वर्ष शाम को गांव में ही खेलने के लिए निकला और देर रात्रि तक घर नहीं लौटा तो घर के परिजन परेशान हो गए। पिता भीम बघेल अपने रिश्तेदारों और आस पास के लोगो से अपने पुत्र दीपू बघेल का जानकारी लेने लगे लेकिन दीपू बघेल का कोई अता पता नही चला। जब सुबह हुआ तो गांव के कुछ लोगो ने दीपू बघेल को गांव के तालाब में मृत शरीर को देखकर शोर मचाने लगे और देखते ही देखते लोगो की भीड़ इतनी हो गई कि एक खौफनाक मंजर देखने को मिला। किसी तरह मृत शरीर को तालाब से बाहर निकाला गया और घर के परिजन रोने बिलखने लगे। घर में छोटे बच्चे का ना होना मां बाप को कितना कष्ट का जिंदगी लग रहा है ।

## यूनाइटेड मीडिया की सैदपुर तहसील की मासिक बैठक संपन्न

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। यूनाइटेड मीडिया पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक अध्यक्ष उपेन्द्र यादव के दिशानिर्देश पर सैदपुर की तहसील स्तरीय बैठक एचआर पैलेस के सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में तहसील अध्यक्ष मो. इसरार ने कहा कि पत्रकारिता करना बहुत ही आसान है, तो यह बहुत मुश्किल भी है। निष्पक्षता, सत्यता व सटीकता से अपने विचारों को रखना ही पत्रकारिता का ध्येय होना चाहिए। और उन्होंने बताया कि पत्रकारों की समस्याओं को दूर करने और उनके मान सम्मान की गरिमा को बनाये रखने के लिए एकजुटता बहुत ही आवश्यक है। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार रजनीश ने कहा कि हम सभी मिलकर संस्था के उद्देश्यों को पूरा करने हेतु मीडिया के सभी माध्यमों से जुड़े तथा पत्रकार बंधुओं को उनका हक दिलवाने के लिए एकजुट रहे। तथा पवन मिश्रा ने जोर देते हुए कहा कि पत्रकार हितों की रक्षा के लिए हम सब प्रयत्नशील रहेंगे। साथ ही



एसोसिएशन के उद्देश्यों की पूर्ति एवं संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए पत्रकार बंधुओं के साथ लगातार मासिक बैठक किया जायेगा।

वहीं सदस्य राम भवन चौहान ने कहा कि किसी खास के लाभ के लिए हमें पत्रकारिता की गरिमा को नष्ट नहीं होने देना चाहिए। किंतु परिवार और समाज को लेकर चलने में पत्रकारो को मानसिक रूप से उत्पीड़ित भी होना पड़ता है। इस उत्पीड़न के खिलाफ आज हम एकजुट हुए हैं। और इसके निदान हेतु हमसब मिलकर आगे बढ़ेंगे। उपस्थित सदस्यों ने उद्देश्यों को समझा और पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में आगे बढ़ने का संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कमलेश यादव एवं संचालन मो. इसरार ने किया। इस बैठक में मुख्य रूप से मो. इसरार, श्याम भवन चौहान, शुभम मोदनवाल, विनीत राय, आशीष सोनकर, पवन कुमार मिश्रा, आशुतोष मिश्रा (पंकज), रजनीश कुमार प्रजापति, सोहन कुमार गुप्ता, शुभम कुमार मोदनवाल, गोविन्द विश्वकर्मा, रमेश चंद्र गुप्ता, राहुल कुमार गुप्ता, अनिल वर्मा, ओम प्रकाश, गुड्डू, शिवा जी आदि पत्रकार उपस्थित हुए।

## पिंडरा तहसील बार का चुनाव 20 दिसंबर को

प्रखर पिंडरा वाराणसी। तहसील बार एसोसिएशन पिंडरा के वार्षिक चुनाव कार्यक्रम की घोषणा गुरुवार को एल्डर्स कमेटी की बैठक के दौरान की गई। जिसके तहत 20 को मतदान व 21 दिसम्बर को मतगणना होगी। तहसील परिसर स्थित अधिवक्ता भवन में हुई। एल्डर्स कमेटी की बैठक में 7 व 8 दिसम्बर को नामांकन, नामांकन पत्रों की जांच 12 दिसम्बर और उसी दिन वापसी की तिथि तय की गई। मतदान की तिथि 20 दिसम्बर को सुबह 10 बजे से चार बजे तक मतदान तथा 21 दिसम्बर को सुबह 11 बजे से मतगणना होगी। मुख्य चुनाव अधिकारी बच्चालाल यादव व चुनाव अधिकारी लालबहादुर व मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि चुनाव तिथि की घोषणा के साथ ही तहसील परिसर में आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है। इसका उल्लंघन करने पर प्रत्याशियों के खिलाफ नियम संगत ढंग से कार्रवाई होगी। वही चुनाव तिथि की घोषणा होते ही तहसील परिसर में चुनावी सरगर्मी भी बढ़ गई।

## पूर्वोत्तर राज्यों में भी संतों की महान परंपरा: वर्मा, उपमुख्यमंत्री त्रिपुरा

प्रखर दिल्ली। त्रिपुरा में 9 और 10 दिसंबर 2022 को अष्टलक्ष्मी संत विखा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है और यह सम्मेलन वसुधैव कुटुम्बकम का प्रतीक बनने जा रहा है। त्रिपुरा के उपमुख्यमंत्री श्री विष्णु देव वर्मा ने शनिवार को दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि यह बैठक उत्तर पूर्व के राज्यों में आध्यात्मिकता का संचार करेगी। यह सम्मेलन 9 -10 दिसंबर 2022 को अगरतला, त्रिपुरा में त्रिपुरा सरकार के पर्यटन विभाग, अमरवानी इवेंट फाउंडेशन और इंडस मून प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। यह सम्मेलन कोल्हापुर के प्रथम विश्व साहित्य सम्मेलन का भव्य प्रतिरूप है और इस सम्मेलन के माध्यम से उत्तर पूर्व की अष्टलक्ष्मी जागर आयोजित की जाएगी। सर्वे भवन्तु सुखिना सुर्वे संतु निरामय संदेश इस सभा के माध्यम से दिया जाएगा, इस अवसर पर अध्यक्ष हरिभक्त परायण न्यायमूर्ति डॉ. मदन महाराज गोसावी ने बताया। इस सम्मेलन में पूर्वोत्तर राज्यों के संत साहित्य के विद्वान भाग लेंगे तथा कुछ राज्यों के मुख्यमंत्री एवं अन्य मंत्री मुख्य अतिथि के रूप में सम्मेलन में उपस्थित रहेंगे । सम्मेलन का स्वरूप संत विचारों पर संगोष्ठी,




विदेशी बुद्धिजीवियों द्वारा अध्यात्म पर संगोष्ठी और उत्तर पूर्वी राज्यों की लोक कलाओं की प्रस्तुति होगी, सम्मेलन की अध्यक्षता त्रिपुरा के चित्त महाराज करेंगे । प्रो. डॉ. प्रकाश खंडगे ने अपने स्वागत भाषण में कोल्हापुर में होने वाले प्रथम सार्वभौम संत साहित्य सम्मेलन की पृष्ठभूमि और अगरतला में होने वाले सम्मेलन की रूपरेखा के बारे में बताया और उपस्थित पत्रकारों का आभार व्यक्त किया।

# जारी है विद्युत कर्मियों का कार्य बहिष्कार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के तत्वाधान में आज तीसरे दिन कार्य बहिष्कार रहा जिसमे बिजली कर्मचारियों ,अवर अभियंताओं व अभियंताओं की न्यायसंगत समस्याओं के निराकरण के लिए कार्य बहिष्कार रहा, जिसमे ऊर्जा निगमों के बिजली कर्मचारियों और अभियंताओं की ज्वलंत समस्याओं से समाधान हेतु प्रबंधन का हठवादी व दंडात्मक रवैया बना हुवा है जिससे बिजली कर्मियों में भारी गुस्सा है।

वही जिला संयोजक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि हम विद्युत कर्मी पिछले दो दिन से कार्य बहिष्कार पर है फिर भी सरकार मौन धारण की हुई है जिसमे भ्रष्ट ऊर्जा चेयरमैन को बचाने के लिए विद्युत कर्मियों के साथ विश्वासघात किया जा रहा है मगर विद्युत कर्मी भी झुकने वाले नही है जब तक भ्रष्ट ऊर्जा चेयरमैन एम देवराज अपने पद से हटेगा नही तब तक विद्युत कर्मी अपने कार्य पर लौटेंगे नही। वही जिले में लगभग तीन दिनों में करीब तीन करोड़ राजस्व का नुकसान कार्य बहिष्कर के अंतर्गत हुवा है। वही जिलाध्यक्ष अरविंद कुशवाहा ने बताया कि जिले के 69 उपकेंद्रों में लगभग 41 उपकेंद्र की लाइट ब्रेक डाउन हैं,हम नही चाहते की हमारे वजह से आम उपभोक्ता परेशान हो मगर सरकार के हटवादी रवैए के वजह से हम मजबूर होकर अपनी मांगों को शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन करके न्याय मांग रहे है। वही जुनियर इंजिनियर संगठन के प्रदेश महासचिव ई0 जयप्रकाश सिंह ने बताया कि ऐसे तानाशाह चेयरमैन को तत्काल पद से हटाया जाए तभी प्रदेश के सभी विद्युत कर्मी स्वच्छ वातावरण एवम भय मुक्त होकर अपने कार्य को संपादित करेगे,आए दिन अवर अभियंताओं का उत्पीड़न प्रबंधन एवम हटवादी तुगलकी फरमान,मनमानी दिशा निर्देश,धमकियां भरे पत्र जारी करने वाला पावर कारपोरेशन के ऊर्जा चेयरमैन एम देवराज द्वारा किया जा



रहा है जो पावर कारपोरेशन के खिलाफ है। अवर अभियंता उसी समय कार्य पर लौटेंगे जब इस चेयरमैन को पद से निष्कासित न किया जाय तब तक कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। वही बिजली कर्मियों को एलएमभी 10 की सुविधा जारी रखा जाय वही समस्त बिजली कर्मियों /निविदा कर्मियों,संविदा कर्मियों को पिछले कई वर्षों से लंबित बोनस का भुगतान किया जाय। सभी रेगुलर कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना लागू किया जाय। हड़ताल में मुख्य रूप से अधीक्षण अभियंता मोहन राकेश,अधिशासी अभियंता हेमंत सिंह,चंद्रपाल सिंह,मनीष कुमार,आशीष चौहान,सहायक अभियंता सत्यम त्रिपाठी,अभिषेक राय,संतोष चौधरी,सुधीर सिंह,अवर अभियंता योगेंद्र प्रसाद दानी, तपस कुमार,प्रमोद यादव, महबूब अली,कुलदीप नैय्यर, अमित गुप्ता, एस के ओझा, नीरज सोनी, रमेश मौर्या,दीपक कुमार, सूर्यनाथ जी,मोहम्मद यामीन, हर्षित राय, पंकज सिंह, विनोद राम,गुड्डू चौहान, रामप्रवेश चौहान,अश्वनी पटेल, शशिकांत पटेल,विद्युत मजदूर पंचायत से अश्वनी सिंह, नौशाद खान,पिंटू दानी,अजय विश्वकर्मा, अनीश अहमद,भानु सिंह, प्रवीण सिंह,प्रवीण पाण्डेय, विष्णु राय, बिजेंद्र यादव, शशिकांत कुशवाहा, प्रकाश राम,सुधीर सिंह, अमित सिंह,मनीष राय,रामबिलास यादव, पवन कुमार,कपिल गुप्ता, मदन यादव, ज्योतिकान्त, सलीम,विश्वजीत,विनय तिवारी सहित समस्त विद्युत कर्मी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंजिनियर सुधीर कुमार एवम संचालन ई0 मिथिलेश यादव ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### केराकत क्षेत्र में लकड़ी की सौदेबाजी का वन दरोगा व लकड़ी माफिया के बातचीत का ऑडियो वायरल

**रेंजर का बेतुका बयान मिमिक्री आर्टिस्ट का हो सकता है आडियो**

प्रखर जौनपुर। हर साल योगी सरकार करोड़ों वृक्ष लगाकर रिकॉर्ड बनाती है, लेकिन उनके ही विभाग के अधिकारी वृक्ष को कटवाने के लिए दलाली करते हुए उनकी साख पर बट्टा लगा रहे है। मामला केराकत क्षेत्र का है जहां पर एक वन अधिकारी के पैसा लेने का ऑडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मिली जानकारी के अनुसार केराकत तहसील क्षेत्र के वन अधिकारी पेड़ो की कटाई और उसकी ढूलाई पर सौदेबाजी करने में लगे हुए हैं । आडियो में एक लकड़ी माफिया और वन दरोगा के बीच सौदेबाजी हो रही है । सूत्र बताते है कि ऑडिओ वन दरोगा लल्लन सिंह का है। बतादे कि ऑडिओ की पुष्टि प्रखर पुर्वांचल नहीं करता। आडिओ एक मिनट 33 सेकेंड का है। आडियो में वन दरोगा कानुवानी क्षेत्र के एक लकड़ी माफिया से आरा मशीन तक लकड़ी पहुँचाने के एवज में दो हजार रुपये की मांग कर रहा है। बाद में वन दरोगा की बात प्रति गाड़ी पांच सौ रुपये पर तय होती है। वायरल ऑडिओ से साफ पता चल रहा है कि केराकत क्षेत्र में वन विभाग की मिली भगत से हरे पेड़ो की कटाई जोरों से चल रही है। इस संदर्भ में वन विभाग के रेंजर अमित कुमार गौड़ से पूछा गया तो उन्होंने बहुत बेतुका दे दिया। रेंजर ने कहा कि किसी मिमिक्री आर्टिस्ट की आवाज हो सकती है। बाद में कहा कि ऐसे ऑडिओ तो पुलिस के भी वायरल होते हैं। इससे साफ होता है कि रेंजर साहब पुलिस को पूरी तरह बेईमान बता रहे है। बाद में बात बनाते हुए कहा कि वे इस बारे में वन दरोगा लल्लन सिंह से पूछताछ करेगें।

### दिव्यांग बच्चों का ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



प्रखर दानगंज वाराणसी। हरहुआ ब्लाक के परिषदीय विद्यालयों के दिव्यांग बच्चो का खेलकूद प्रतियोगिता प्राथमिक विद्यालय बेलवारिया में गुरुवार को संपन्न हुई। प्रतियोगिता में निबंध, कला, संगीत, कुर्सी दौड़, रस्सा कसी में बच्चो ने बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्ड शिक्षा अधिकारी अमित कुमार दुबे ने बच्चो को पुरस्कार दिया। इस मौके पर राकेश कुमार सिंह, रमेश यादव, दिनेश कुमार मौर्य, मनोज कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### तमंचा संग अभियुक्त को दुल्लहपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के कुशल निर्देशन में अपराध तथा अपराधियो पर प्रभावी नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना दुल्लहपुर पुलिस के द्वारा एक अभियुक्त गुड्डु नट पुत्र कमरुद्दीन नट निवासी नायकडीह थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिनके पास से एक अदद् तमंचा 315 बोर का बरामद हुआ। दुल्लहपुर थाने में गोवध पशुक्रूरता अधिनियम , गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा भी दर्ज है ,जिसके सम्बन्ध मे स्थानीय थाना पर आर्मस एक्ट बनाम गुड्डु नट पुत्र कमरुद्दीन नट निवासी नायकडीह थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर के विरुद्ध पंजीकृत अन्य विधिक थाना में जारी है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक होरिल यादव हेड कांस्टेबल राजेन्द्र प्रसाद शामिल रहे।

### रेलवे ट्रैक के किनारे मिला व्यक्ति का शव



वाराणसी। बनारस रेलवे स्टेशन के उत्तरी छोर पर बुधवार की शाम 4 बजे रेलवे ट्रैक के किनारे एक व्यक्ति का शव पाया गया। उस वक्त कामायनी एक्सप्रेस ट्रेन बनारस स्टेशन से प्रस्थान कर रही थी,मृतक के पास से बनारस से लोकमान्य तिलक टर्मिनल का टिकट प्राप्त हुआ। आशंका है की कामायनी एक्सप्रेस से गिरकर उसकी मृत्यु हुई होगी। सूचना पर जीआरपी बनारस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। चौकी प्रभारी जीआरपी बनारस विनोद कुमार तिवारी ने बताया कि मृतक के पास एक बैग था,उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से मिले डॉक्यूमेंट्स और मोबाइल से मृतक की पहचान सिरतु प्रसाद पुत्र मंजू उम्र 62 वर्ष निवासी डेमूडीह थाना अतरौलिया जिला आजमगढ़ के रूप में हुई। उन्होंने बताया की मृतक के मोबाइल पर गोवा में रहने वाले उनके दामाद का फोन आने पर पता चला की मृतक होटलकर्मी है जो मुंबई के होटल में जॉब करते है।

### विद्युत कर्मियो के हड़ताल से आम जनता बेहाल

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जखनिया बाजार में दो दिनों से संविदा कर्मचारियों के हड़ताल की वजह से जखनिया बाजार में बिजली ना मिलने पर आम उपभोक्ता व्यापारी जन मानस का बुरा हाल है। एक तरफ हर परिवार में जहां लोगों का बिजली के अभाव में जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है, वही बिजली ना होने से व्यापारी परेशान है। आज वर्तमान समय में बिजली लाइट लोगों की लाइफ लाइन है, पर सरकार और संविदा कर्मचारियों के बीच हुई लड़ाई में आम उपभोक्ताओं को उसका खामियाजा झेलना पड़ रहा। लोग संविदा कर्मी और प्रशासनिक अधिकारियों से काफी आक्रोश में है। और लोगों का कहना है कि उनकी लड़ाई में बिजली उपभोक्ताओं के साथ खिलवाड़ क्यों किया जा रहा है। बिजली फीडर पर उपलब्ध होते हुये भी कर्मचारियों के मनमानी से बंद करके रखा गया है। उपभोक्ताओं ने कहा हम तो समय पर बिल भरते हैं, बिजली से हमारी दैनिक उपयोग के कार्य होते हैं जो 2 दिनों से बंद पड़े हैं, उस नुकसान की भरपाई कौन करेगा? वहीं आम जनमानस घर में पानी के लिए तरस जा रहे हैं। क्षेत्र के लोगों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है और संबंधित अधिकारियों सहित सरकार से लोगों ने मांग की है कि इसका समाधान अगर जल्द नहीं निकलता है तो आम जनता इस समस्या के खिलाफ खुद जन आंदोलन के लिए बाध्य होगी। इस मौके पर व्यापारी नेता गोपाल गुप्ता, धर्मेंद्र चौरसिया, विजय वर्मा, संतोष सोनकर, संजीव त्रिपाठी, हरिनाथ चौबे, अरुण सिंह, संतोष चौरसिया, चिंटू गुप्ता सूरज खरवार, मुन्ना सिंह सत्यम कौशिक, संतोष कुशवाहा, योगेंद्र यादव सहित आम व्यापारी एवं गांव के लोग मौजूद रहे।

# एक्ट्रेस अलाया एफ ने हॉट आउटफिट पहन गिराई बिजली

**सैफ** अली खान के साथ फिल्म जवानी जानेमन से बॉलीवुड में कदम रखने वाली एक्ट्रेस अलाया एफ इन दिनों सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने



ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से हॉट तस्वीरें शेयर की हैं। अलाया ने ग्रे कलर का हॉट आउटफिट पहना और अपना सेक्सी फिगर फ्लॉन्ट करते दिख रही हैं। एक्ट्रेस की सेक्सी तस्वीरें देख यूजर्स भौचक्के रह गए हैं और कमेंट बॉक्स पर जमकर प्यार लुटा रहे हैं। अलाया जल्द ही कार्तिक आर्यन के साथ फिल्म फ्रेडी में दिखाई देंगी।

# भूमि के पति में होनी चाहिए ये खासियतें



**बॉलीवुड** की यंग और खूबसूरत एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने अपनी एक्टिंग के दमखम से फिल्म इंडस्ट्री में अलग पहचान बनाई है।

इन दिनों वो अपनी अपकमिंग फिल्म 'गोविंदा नाम मेरा' के प्रमोशन में लगी हुई हैं। इस फिल्म में भूमि के साथ विक्की कौशल और कियारा आडवाणी भी लीड लोल में होंगे। फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त भूमि पेडनेकर ने एक इंटरव्यू में अपने फ्यूचर हस्बैंड के बारे में बात की। भूमि पेडनेकर ने बताया कि उनके सपनों का राजकुमार कैसा होना चाहिए?

**इस रंग की आंखों वाला होना चाहिए पति**

33 साल की उम्र में भी भूमि पेडनेकर अभी भी सिंगल हैं और उन्हें एक सच्चे साथी की तलाश है। एकइंटरव्यू में भूमि से पूछा गया कि उनका पति कैसा होना चाहिए? इसके जवाब में भूमि ने कहा कि उन्हें नीले या हरे रंग की आंखों वाला पति नहीं बल्कि काली आंखों वाला पति चाहिए। अपने एक पुराने इंटरव्यू में भूमि ने बताया था कि उन्हें छठी क्लास में ही अपने सीनियर से प्यार हो गया था। वो स्कूल का स्पोर्ट्स कैप्टन था। हालांकि 16 साल की उम्र में उनका पहला बॉयफ्रेंड बना। उन्होंने बताया कि मैं अपने बॉयफ्रेंड के साथ भूमि पहली डेट पर फिल्म देखने गई थीं। भूमि ने ये भी बताया था कि उन्होंने पहली बार शराब 19 साल की उम्र में पी थी। उन्होंने इतनी पीली थी कि 4-5 घंटे तक नाचती ही रहीं।

# मिर्गी के दौरे पड़ने पर छलका फातिमा सना शेख का दर्द

**बॉलीवुड** अभिनेत्री फातिमा सना किसी न किसी वजह से सुर्खियों में बनी रहती हैं। आमिर खान की हिट फिल्म दंगल के बाद से लाइमलाइट में आई, फातिमा एक बार फिर चर्चा में आ गई हैं। हाल ही में फामिता सना अपनी बीमारी का खुलासा किया है, जिसके चलते उन्हें बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। इस दौरान अभिनेत्री को अपना करियर डूबने का भी डर सताने लगा था। फातिमा सना शेख को देखकर इस बात का अंदाजा लगाना मुश्किल है कि वह बीते दिनों बीमारी के चलते हॉस्पिटल में भर्ती थीं। हाल ही में फामिता के साथ एक हादसा भी हुआ था। फ्लाइट में सफर के दौरान फामिता को मिर्गी के दौरे पड़े थे, जिससे उनकी तबीयत बिगड़ हो गई थी। फातिमा को फौरन एयरपोर्ट पर मेडिकल सर्विस दी गई, जिसके बाद उन्हें कई दिनों तक हॉस्पिटल में भी भर्ती रहना पड़ा था। फातिमा ने यह भी बताया कि उन्होंने शुरुआत में फिल्म मेकर्स को इस बीमारी के बारे में नहीं बताया था। उन्हें लगा कि इससे उनके काम पर असर पड़ेगा। वह यह नहीं चाहती थीं कि लोग उन्हें कमजोर समझें। उन्हें डर था कि कहीं उनकी इस बीमारी का खुलासा होने पर उन्हें काम मिलेगा या नहीं। फातिमा ने हाल ही में अपनी इस बीमारी के बारे में खुलकर बात की। एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया, मुझे पांच बार मिर्गी के दौरे पड़ चुके हैं, उस दौरान मैं बिल्कुल अकेली थी। इस बीमारी ने मेरा फिल्मी करियर भी रोक दिया था। मिर्गी की इस बीमारी ने मुझे बहुत प्रभावित किया, जिसकी वजह से मुझे बहुत सी परेशानियां हुईं।



# अरबाज खान का गर्लफ्रेंड के साथ हुआ ब्रेकअप


**बॉलीवुड** एक्टर, डायरेक्टर और प्रोड्यूसर अरबाज खान ने अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ ही अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी लेकर चर्चा रहते हैं। अरबाज खान ने मलाइका अरोड़ा के साथ साल 1998 में शादी की थी। इस कपल के एक बेटा अरहान खान है। इन दोनों का साल 2017 में तलाक हो गया है। इसके बाद अरबाज खान और मलाइका अरोड़ा अपनी-



अपनी लाइफ में आगे बढ़ गए। अरबाज खान जहां मॉडल और एक्ट्रेस जॉर्जिया एंड्रियानी को डेट करने लगे तो मलाइका अरोड़ा ने अर्जुन कपूर को डेट करना शुरू कर दिया। लेकिन क्या अरबाज खान का जॉर्जिया एंड्रियानी के साथ रिश्ता टूट गया है? दरअसल, जॉर्जिया एंड्रियानी ने एक इंटरव्यू में अरबाज खान को अपना बॉयफ्रेंड नहीं बस अच्छा दोस्त बताया है। उन्होंने कहा कि उनका और अरबाज खान की शादी का कोई प्लान नहीं है। उन दोनों का रिश्ता लॉकडाउन के बाद काफी बदल गया है। जॉर्जिया एंड्रियानी ने कहा कि वह अरबाज खान के परिवार से कई बार मिल चुकी हैं और वह उनके काफी अच्छे दोस्त हैं। जॉर्जिया एंड्रियानी के इस बयान के बाद लोगों उनके और अरबाज खान के ब्रेकअप की अटकलें लगा रहे हैं।

# फिल्म रन के कौआ बिरयानी वाले सीन से रातोंरात स्टार बने विजय राज

**बॉलीवुड** में विजय राज आज किसी परिचय के मोहताज नहीं है। अपने कॉमिक अंदाज से उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में अपनी अलग इमेज बनाई है। फिल्म में जब भी उनकी एंट्री होती हैं तो दर्शक हंस हंस कर लोटपोट हो जाते हैं। हर फिल्म में उनका किरदार एक एनर्जी सी ले आता है। शायद ही कोई ऐसा हो जिसने उनकी कॉमेडी और लाजवाब एक्टिंग की तारीफ ना की हो। आज उनके नाम से ज्यादा उन्हें उनके किरदारों के जरिए पहचाना जाता है। किसी भी एक्टर के लिए इससे बड़ी और कोई बात नहीं हो सकती। साल 2004 में आई अभिषेक बच्चन की फिल्म 'रन' में विजय राज का किरदार इतना मशहूर हुआ था कि आज भी लोग उनके किरदार को भूल नहीं पाए हैं। लोग उस फिल्म को ही विजय राज के कॉमेडी सीन से याद करते हैं।



फिल्म में उनका कौआ बिरयानी वाला वो सीन आज भी लोगों के जहन में बसा हुआ है। विजय की कॉमेडी हर किसी का दिल जीतने में कामयाब होती है। उनकी एक्टिंग और कॉमेडी का आज कोई सानी नहीं है। आज वह फिल्म इंडस्ट्री में जिस मुकाम पर हैं यहां तक आने के लिए विजय को काफी संघर्ष करना पड़ा है। फिल्मों में उनके किरदार को जितना भी स्पेस मिलता था, उसमें विजय दर्शकों का दिल जीत लेते हैं। ये सिलसिला आज भी जारी है। लेकिन उनकी इस कामयाबी के पीछे 15 साल का संघर्ष छिपा है। विजय राज ने 12वीं तक की पढ़ाई पूरी कर दिल्ली के किरोड़ीमल कॉलेज में एडमिशन ले लिया था। कॉलेज में वह थियेटर ग्रुप से भी जुड़े। वहीं से ही उन्होंने एक्टिंग में करियर बनाने के बार में सोचा था।



# थप्पड़ मारने की घटना के बाद पहली बार टीवी पर आए विल स्मिथ

**ऑस्कर** विवाद के बाद अभिनेता विल स्मिथ 'द डेली शो विद ट्रेवर नूह' में पहली बार देर रात साक्षात्कार में दिखाई दिए। अपने नए ऐतिहासिक नाटक 'इमैन्सिपेशन' का प्रचार करते हुए, देर रात के मेजबान के साथ स्मिथ की बातचीत ने स्वाभाविक रूप से उनके ऑस्कर रात के विवाद को हरा कर दिया, जिसमें उन्होंने क्रिस रॉक को मंच पर थप्पड़ मारा था. 'वैराइटी' की रिपोर्ट के मुताबिक, जब लोगों की नजरों से उनकी गैरमौजूदगी का मामला सामने आया तो विल स्मिथ ने कहा, मैं दूर हो गया हूं। आप इतने दिन कहां थे? स्मिथ ने अपनी बात रखते हुए कहा, वह एक भयानक रात थी, जैसा कि आप कल्पना कर सकते हैं। इसमें कई बारीकियां और जटिलताएं हैं। लेकिन अंत में, मैंने बस-मैंने इसे खो दिया, आप जानते हैं? मैं उस रात कुछ कर रहा था, आपको पता है? ऐसा नहीं है कि यह मेरे व्यवहार को बिल्कुल सही ठहराता है .. बहुत सी चीजें हैं। मैं छोटा था जब मैंने अपने पिता को मां की पिटाई करते हुए देखा, और दूसरी भी चीजे हैं जिसकी वजह से उस वक्त मैं ऐसा हो गया। नूह ने हस्तक्षेप किया, स्थिति पर अपना दृष्टिकोण बताया और विवाद के बारे में साथियों के साथ हुई चर्चाओं को याद किया। नूह ने कहा, मैं क्रिस से प्यार करता हूं। मैं उसका दोस्त हूं। मैं तुमसे प्यार करता हूं, लेकिन यह गड़बड़ है। मुझे पता है कि अश्वेत लोग एक साथ मिलते हैं और जाते हैं, 'विल क्या कर रहा था? क्या हुआ?' बहुत सारे अश्वेत लोग ऐसे थे, 'उसे जेल जाना चाहिए, जैसे, आपको खुद को आराम करने की जरूरत है। कुछ लोग ओवररिएक्ट कर रहे थे, जिससे कुछ लोग अंडररिएक्ट हो गए। स्मिथ ने ऑस्कर की शाम के बाद का एक किस्सा साझा करते हुए बताया कि उस वक्त जब घर आया तो उनका भतीजा जो नौ साल का है उसने पूछा कि आपने ऐसा क्यों किया। इस सबके बीच में अपने नए ऐतिहासिक नाटक 'इमैन्सिपेशन' को लेकर भी अभिनेता ने बात की। सच्ची घटनाओं पर आधारित, फिल्म में स्मिथ एक भगोड़े गुलाम के रूप में दिखाई देते है, जो दुनिया में 'व्हिप्ड पीटर' के रूप में जाना जाता है।

# दमदार लुक में नजर आए मनोज, जोरम का फर्स्ट लुक रिलीज

**बॉलीवुड** अभिनेता मनोज बाजपेयी और लेखक-निर्देशक देवाशीष मखीजा का कोलैबोरेशन हमेशा एक ट्रीट की तरह होता है, चाहे वह शॉर्ट फिल्म 'तांडव' हो या डार्क ड्रामा 'भोंसले। यह जोड़ी हमेशा से दर्शकों की पहली पसंद रही है। अब इस जोड़ी को फिर से फिल्म 'जोरम' में देखने



को मिलेगा. इन्हीं सब के बीच फिल्म से मनोज बाजपेयी का पहला इंटेंस लुक सामने आ चुका है।

मखीजा के निर्देशन में बनने वाली फिल्म 'जोरम' के पहले पोस्टर में मनोज के किरदार को बिखरे बालों और लाल आंखों के साथ दिखाया गया है। उन्हें देखकर लग रहा है कि वह किसी को भावुक नजर से किसी की तलाश कर रहे हैं। सर पर ग्रे रंग का कपड़ा डाले वह बेहद सीरियस दिखाई दे रहे हैं। बता दें कि फिल्म को हाल ही में भारत के फिल्म बाजार की सिफारिश (एफबीआर) स्ट्रैंड में चुना गया था। हाल ही में फिल्म के बारे में बात करते हुए, मनोज बाजपेयी ने ने कहा था,'जोरम' एक बहुत ही अनूठी अवधारणा के साथ आता है। हमने बहुत कठिन स्थानों पर शूटिंग की है और यह स्टूडियो और प्रोडक्शन की टीम द्वारा किए गए अथक प्रयासों के बिना संभव नहीं होता।

# टाइगर -सारा पहली बार करेंगे ऑन स्क्रीन रोमांस

**टाइगर** श्रॉफ और सारा अली खान ने अपने कुछ सालों के करियर में बॉलीवुड इंडस्ट्री में अच्छी पहचान बना ली। इस साल की शुरुआत में खबर आई थी कि टाइगर श्रॉफ ने जगन शक्ति के साथ एक एक्शन थ्रिलर फिल्म के लिए हाथ मिलाया था। इसके बाद बताया गया था कि इस फिल्म में लीड एक्ट्रेस के तौर सारा अली खान को लिया गया है। इस फिल्म को पूजा एंटरटेनमेंट प्रोड्यूस करना है। इस फिल्म में हीरो वर्सेज विलेन की कहानी को दिखाया जाने की प्लानिंग है। इसके साथ ही फिल्म में टाइगर श्रॉफ के खिलाफ विलेन के तौर पर कई एक्टर्स को लेने की प्लानिंग है। कहा जा रहा है कि फिल्म को भारत और पूरे यूरोप में शूट किया जाएगा क्योंकि इस फिल्म को बड़े पैमाने पर मिशन बेस्ड फिल्म बनाने का विचार है। रिपोर्ट में ये भी बताया गया कि फिल्म की तैयारी अभी कुछ समय से चल रही है और निर्माता एक नई कास्टिंग के साथ-साथ ऑन-स्क्रीन जोड़ी बनाने के इच्छुक थे। ये अनाम फिल्म 10 दिंसबर को फ्लोर पर जाएगी। फिलहाल, फिल्म प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है। प्रोड्यूसर जैकी भगनानी और डायरेक्टर जगन शक्ति भी अपनी स्टंट टीम के साथ अगले स्तर पर जाने की योजना बना रहे हैं।





## संक्षिप्त खबरें

### प्रोस्टेट कैंसर का इंजेक्शन

नई दिल्ली। फार्मा कंपनी सिप्ला ने प्रोस्टेट कैंसर के इलाज के लिए 22.5 मिलीग्राम का ल्यूप्रोलाइड एसिटेट इंजेक्शन डिपो पेश किया है। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अमेरिका खाद्य एवं औषधि प्रशासन (यूएसएफडीए) ने पहले ही इस उत्पाद को नई दवा आवेदन (एनडीए) नियामकीय मार्ग से मंजूरी दे दी है। सिप्ला के उत्तरी अमेरिका के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अरुणेश वर्मा ने बयान में कहा, 'ल्यूप्रोलाइड एसिटेट डिपो इंजेक्शन की शुरुआत अमेरिका में रोगियों के लिए उच्च गुणवत्ता और किफायती उपचार के लिए हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करती है।'

### अमेजन डिस्ट्रिब्यूशन बंद होगी

नई दिल्ली। ई-कामर्स कंपनी अमेजन कर्नाटक के तीन जिलों में छोटे दुकानदारों को सेवाएं देने वाली अपनी थोक इकाई 'अमेजन डिस्ट्रिब्यूशन' को बंद कर रही है। एक सूत्र से यह जानकारी मिली है। कंपनी से जुड़े सूत्र के अनुसार, ई-कामर्स मंच अमेजन डाट इन के साथ एकीकृत थोक बी2बी मार्केटप्लेस अमेजन बिजनेस देश में परिचालन जारी रखेगी। संपर्क करने पर अमेजन इंडिया के प्रवक्ता ने ई-कॉमर्स के अमेजन डिस्ट्रिब्यूशन को बंद करने के फैसले की पुष्टि की। प्रवक्ता ने कहा, 'हम इन फैसलों को हल्के में नहीं लेते हैं। हम वर्तमान ग्राहकों और भागीदारों की देखभाल के लिए चरणबद्ध तरीके से इस कार्यक्रम को बंद कर रहे हैं।

### चावल निर्यात से रोक हटी

नई दिल्ली। सरकार ने घरेलू आपूर्ति बढ़ने से कीमतों के नरम पड़ने के बाद टूटे चावल सहित जैविक गैर-बासमती चावल के निर्यात से प्रतिबंध हटा लिया है। सरकार ने घरेलू उपलब्धता बढ़ाने के उद्देश्य से सितम्बर की शुरुआत में टूटे चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद गैर-बासमती चावल के निर्यात पर 20 प्रतिशत का शुल्क लगाया गया, जिसका उद्देश्य खुदरा बाजारों में कीमतों के बढ़ने के बाद इनकी घरेलू आपूर्ति को बढ़ाना था। एक अधिसूचना में विदेश व्यापार महानिदेशालय ने मंगलवार को कहा कि जैविक गैर-बासमती टूटे चावल सहित जैविक गैर-बासमती चावल का निर्यात अब सितंबर में लागू प्रतिबंध से पहले के नियमों द्वारा प्रशासित होगा।

### सैमसंग नियुक्तियां करेगी

नई दिल्ली। सैमसंग इंडिया देशभर में अपने शोध एवं विकास (आरएंडडी) संस्थानों के लिए 1,000 इंजीनियरों की नियुक्ति की योजना बना रही है। इन इंजीनियरों की नियुक्ति भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) और अन्य शीर्ष संस्थानों से की जाएगी। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। ये युवा इंजीनियर कंपनी के साथ 2023 में जुड़ेंगे और उसके बेंगलुरु, नोएडा, दिल्ली के आरएंडडी संस्थानों तथा बेंगलुरु में सैमसंग सेमीकंडक्टर इंडिया रिसर्च में नई पीढ़ी की प्रौद्योगिकियों पर काम करेंगे। कंपनी के एचआर हेड समीर वधावन ने कहा, 'नवोन्मेषण पर काम करने के लिए हम नई प्रतिभाओं को जोड़ने की तैयारी कर रहे हैं।'(एजेंसी)

# अवांछित काल करने वाले का नाम फोन के स्क्रीन पर दिखाने की तैयारी


■ इसके लिए ट्राई ने शुरु की सार्वजनिक परामर्श की प्रक्रिया ■ अभी ट्रूकालर जैसे ऐप के जरिए स्क्रीन पर आता है नाम

नई दिल्ली (भाषा)।

बार-बार परेशान करने वाली अवांछित फोन काल पर लगाम लगाने की पहल के तौर पर मोबाइल पर काल करने वाले का नाम प्रदर्शित करने की व्यवस्था को लेकर सार्वजनिक परामर्श का दौर ट्राई ने शुरू कर दिया है।

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने मंगलवार को बयान में कहा कि दूरसंचार नेटवर्क में काल करने वाले का नाम दर्शाने की व्यवस्था (सीएनएपी) लागू करने के बारे में एक परामर्श पत्र जारी किया गया है। इस पर संबद्ध पक्षों से 27 दिसम्बर तक विचार आमंत्रित किए गए हैं।

■ काल करने वाले का नाम दर्शाने की प्रक्रिया को दिया गया है 'सीएनएपी' का नाम
■ सुझाव देने के लिए जारी किया गया है परामर्श पत्र
■ 27 दिसम्बर तक मांगे गए हैं लोगों के सुझाव
■ इन सुझावों पर दस जनवरी तक दिये जाएंगे उत्तर
■ ऐप से स्क्रीन पर आया नाम भरोसेमंद नहीं होता



उन सुझावों पर 10 जनवरी, 2023 तक जवाब दिए जा सकेंगे। अभी तक ट्रूकालर और भारत कालर आईडी एंड एंटी-स्पैम जैसे मोबाइल ऐप की मदद से मोबाइल फोन उपभोक्ता काल करने वाले व्यक्ति की पहचान जान सकते है। लेकिन इन ऐप पर नजर आने वाले नाम पूरी तरह भरोसेमंद स्रोत पर आधारित नहीं होते हैं।

ट्राई के मुताबिक, दूरसंचार विभाग का मानना है कि सीएनएपी सुविधा शुरू होने से कोई भी मोबाइल फोन उपभोक्ता काल आने पर कालर की पहचान जान सकेगा। इस सुविधा को स्मार्टफोन के साथ फीचर फोन पर भी मुहैया कराने के लिए दूरसंचार नेटवर्क की तैयारी एवं व्यवहार्यता को भी परखा जाएगा।

सूत्रों ने बताया कि नई व्यवस्था लागू करने के लिए प्रयास काफी तेजी से किए जा रहे हैं इसलिए उम्मीद की जा रही है कि अगले वित्त वर्ष तक यह व्यवस्था लागू कर दी जाएगी। नई व्यवस्था लागू होने के बाद लोगों को ऐसी काल से मुक्ति मिल जाएगी।

## अधिक उपज देने वाली गेहूं की दो किस्में जारी

नई दिल्ली (भाषा)।

हिमाचल प्रदेश के कृषि विभाग ने राज्य में खाद्यान्न उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए गेहूं की दो अधिक उपज देने वाली किस्में डीबीडब्ल्यू 222 और डीबीडब्ल्यू 187 पेश की हैं।

अधिक उपज देने वाली गेहूं की किस्में डीबीडब्ल्यू 222 और डीबीडब्ल्यू 187, मौजूदा किस्मों के 35-37 प्रति क्विंटल की तुलना में 60 क्विंटल प्रति हेक्टेयर की उपज देती हैं। हिमाचल प्रदेश कृषि विभाग के संबंधित मामले के विशेषज्ञ राजीव मिन्हास ने कहा कि इन दो किस्मों के लगभग 23,000 क्विंटल बीज 50 प्रतिशत सब्सिडी पर किसानों को दिए गए हैं।

# डिजिटल इकोनामी में निकलेंगे बंपर जॉब




नई दिल्ली (भाषा)। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि सरकार ने डिजिटल अर्थव्यवस्था के तीन क्षेत्रों इलेक्ट्रानिक्स, स्टार्टअप और आईटी तथा आईटी संबद्ध सेवाओं में अगले दो साल में रोजगार का आंकड़ा एक करोड़ के पार ले जाने का लक्ष्य रखा है। स्टार्टअप के लिए एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वैष्णव ने कहा कि डिजिटल अर्थव्यवस्था के तीन बड़े स्तंभ हैं इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण, आईटी तथा आईटी संबद्ध क्षेत्र तथा स्टार्टअप। इन क्षेत्रों ने 88-90 लाख नौकरियां सृजित की हैं।

मंत्री ने कहा, 'सरकार ने लक्ष्य रखा है। इसके तहत अगले दो साल में इन क्षेत्रों में रोजगार का आंकड़ा एक करोड़ के पार पहुंच जाना चाहिए।' वैष्णव ने कहा, 'पहले स्टार्टअप के लिए कुछ शहरों का जिक्र होता था। अब जब मैं गांवों में स्कूल जाता हूं, वहां के बच्चे स्टार्टअप लगाना चाहते हैं। यह बदलाव आया है।' मंत्री ने कहा कि भारत अब प्रौद्योगिकी उपभोक्ता से प्रौद्योगिकी का जनक बन रहा है। उन्होंने कहा कि साफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क आफ इंडिया (एसटीपीआई) स्टार्टअप को मंच प्रदान करने के लिए तमाम सुविधाओं से युक्त ढांचागत सुविधाएं तैयार कर रहा है। कार्यक्रम में मौजूद एसटीपीआई के महानिदेशक अरविंद कुमार ने कहा कि उनका संगठन स्टार्टअप के लिए 64 मझोले और छोटे शहरों में हर तरह की सुविधाओं से युक्त बुनियादी ढांचा (प्लग-एंड-प्ले) प्रदान कर है। उन्होंने कहा, 'हम उत्कृष्टता के जरिए स्टार्टअप को 5-10 लाख रुपए की शुरुआती पूंजी मुहैया कराते हैं। अगली पीढ़ी के पालना घर (इनक्यूबेशन सेंटर) योजना के तहत, हम मझोले और छोटे शहरों से आने वाले स्टार्टअप को 25 लाख रुपए का कोष देते हैं।

### 73 फीसद तक बढ़ीं नियुक्ति गतिविधियां

मुंबई (भाषा)। इस साल त्योहारों के दौरान अगस्त-अक्टूबर अवधि में नियुक्ति गतिविधियां पिछले साल के मुकाबले 73 प्रतिशत बढ़ी है। ई-कामर्स और लाजिस्टिक, खुदरा तथा बैंक, वित्तीय सेवाओं और बीमा क्षेत्र (बीएफएसआई) की अगुवाई में नियुक्तियां बढ़ी है। व्यापार सेवाएं उपलब्ध कराने वाली क्वेस कार्प के आंकड़ों के अनुसार, इस दौरान 1,00,000 आर्डर के साथ मांग बढ़ने से ई-कामर्स और लॉजिस्टिक, खुदरा तथा बैंक, वित्तीय सेवाएं और बीमा क्षेत्रों में नियुक्ति गतिविधियां बढ़ी।

## यूट्यूब ने भारत में नियमों का उल्लंघन करने वाले 17 लाख वीडियो हटाए

नई दिल्ली (भाषा)।

यूट्यूब ने जुलाई-सितम्बर तिमाही के दौरान कंपनी के सामुदायिक दिशा-निर्देशों के उल्लंघन के लिए भारत में 17 लाख वीडियो हटाए हैं। गूगल के स्वामित्व वाली कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

यूट्यूब की 2022 की तीसरी तिमाही की प्रवर्तन रिपोर्ट के अनुसार, जुलाई और सितम्बर, 2022 के बीच यूट्यूब के सामुदायिक दिशा-निर्देशों के उल्लंघन के लिए 17 लाख वीडियो को हटाया गया है।' वैश्विक स्तर पर यूट्यूब ने इन दिशानिर्देशों के उल्लंघन के लिए अपने मंच से 56 लाख वीडियो को हटाया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि मशीन द्वारा पकड़ में आए वीडियो में से 36 प्रतिशत को तत्काल हटा दिया गया। यानी इनको एक भी 'व्यू' नहीं मिला। वहीं 31 प्रतिशत वीडियो को एक से 10 'व्यू' के बीच हटाया गया। रिपोर्ट में कहा है कि दिशानिर्देशों के उल्लंघन के लिए मंच ने 73.7 करोड़ टिप्पणियां भी हटाई है।

# सेंसेक्स पहली बार 63000 अंक के पार

मुंबई (भाषा)।

वैश्विक बाजारों के काफी हद तक सकारात्मक रहने और विदेशी निवेशकों का उत्साह बरकरार रहने से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में लगातार सातवें कारोबारी दिन तेजी का सिलसिला जारी रहा और मानक सूचकांक सेंसेक्स पहली बार 63,000 अंक से ऊपर बंद हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 417.81 अंक यानी 0.67 प्रतिशत चाढ़ कर 63,099.65 अंक पर बंद हुआ। यह सेंसेक्स का नया रिकार्ड स्तर है और पहली बार यह 63,000 अंक के पार बंद हुआ है। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 621.17 अंक तक उछलकर 63,303.01 अंक तक पहुंच गया था जो इसका अबतक का उच्चतम स्तर है। नेशनल स्टाक एक्सचेंज के सूचकांक निफ्टी ने भी तेजी के इस दौर में 140.30 अंक यानी 0.75 प्रतिशत की बढत दर्ज की। निफ्टी कारोबार के अंत में 18,758.35 अंक पर बंद हुआ जो इसका नया रिकार्ड है। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावरग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल, एशियन पेंट्स, टाटा स्टील और टाइटन सर्वाधिक लाभ में रहीं।



इंडसइंड बैंक, स्टेट बैंक, एचसीएल और आईटीसी के शेयर नुकसान में रहे। बीएसई का 'मिडकैप' सूचकांक 1.06 प्रतिशत बढ़ा जबकि स्मालकैप सूचकांक में 0.61 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

## कमजोर रुपए का सामना करने में अधिकांश भारतीय कंपनियां सक्षम

नई दिल्ली (भाषा)। मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने कहा कि भारत में अधिकांश कंपनियां कमजोर रुपए का सामना कर सकती है लेकिन विकसित अर्थव्यवस्थाओं में बढ़ती ब्याज दरों और ऊंची ऊर्जा कीमतों से रुपए में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है।



मूडीज ने भारत में गैर-वित्तीय कंपनियों के बारे में की गई एक टिप्पणी में कहा कि साल की शुरुआत से रुपए में करीब 10 प्रतिशत तक अवमूल्यन होने के बाद भारतीय मुद्रा 25 नवम्बर को 81.67 प्रति डालर के भाव पर रही। मूडीज ने कहा कि विकसित अर्थव्यवस्थाओं में ब्याज दरों में लगातार हो रही वृद्धि और ऊर्जा कीमतों के बढ़ने से चालू खाते का घाटा बढ़ा है जिससे रुपए पर दबाव बढ़ गया है। उसने कहा, 'इन बाहरी घटकों से रुपए में उतार-चढ़ाव बढ़ता है लेकिन भारत में रेटिंग वाली अधिकांश कंपनियों के पास रुपए की घटती कीमत से निपटने के लिए संसाधन मौजूद है।' मूडीज ने कहा कि रुपया कमजोर होने से उन कंपनियों पर अधिक असर पड़ेगा जिनकी लागत डालर में आती है जबकि राजस्व सृजन रुपए में होता है। लेकिन रेटिंग वाली कंपनियों पर नकारात्मक क्रेडिट का असर सीमित या अस्थायी रहने की उम्मीद है।

# जीडीपी वृद्धि दर घटी फिर भी भारत नंबर-1

■ दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि 6.3 फीसद रही ■ पिछले साल के मुकाबले कम रही वृद्धि दर

■ आलोच्य अवधि में चीन की वृद्धि दर 3.9 फीसद रही ■ सात फीसद वृद्धि दर की राह पर है भारत : नागेश्वरन

नई दिल्ली (एसएनबी)।

देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 6.3 प्रतिशत रही। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार जीडीपी वृद्धि दर पिछले वित्त वर्ष 2021-22 की जुलाई-सितम्बर तिमाही में 8.4 प्रतिशत रही थी।

हालांकि भारत दुनिया में सबसे तीव्र वृद्धि दर हासिल करने वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है। चीन की वृद्धि दर 2022 की जुलाई-सितम्बर तिमाही में 3.9 प्रतिशत रही है। जीडीपी से आशय देश की भौगोलिक सीमा में एक निश्चित समय अवधि में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य से है।



विश्लेषकों का अनुमान था कि दूसरी तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर अप्रैल-जून तिमाही के 13.5 प्रतिशत के मुकाबले आधी रहेगी।

रेटिंग एजेंसी इक्रा ने जुलाई-सितम्बर 2022 तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था जबकि भारतीय स्टेट बैंक की रिपोर्ट में इसके 5.8 प्रतिशत रहने की संभावना जताई गयी थी।

इस महीने प्रकाशित भारतीय रिजर्व बैंक के एक बुलेटिन में जीडीपी वृद्धि दर 6.1 से 6.3 प्रतिशत तक रहने की संभावना जताई गई थी। चीन की आर्थिक वृद्धि दर इस साल जुलाई-सितम्बर तिमाही में 3.9 प्रतिशत रही थी।

मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने कहा है कि देश की अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में 6.8 से 7.0 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि दर हासिल करने के रास्ते पर है।

## विक्रम किर्लोस्कर का निधन

नई दिल्ली/बेंगलुरु (भाषा)। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के वाइस चेयरमैन विक्रम एस. किर्लोस्कर का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है। वह 64 वर्ष के थे। मोटर वाहन निर्माता कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी।



कंपनी ने एक बयान में कहा, 'हमें टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के वाइस चेयरमैन विक्रम एस. किर्लोस्कर के 29 नवंबर 2022 को असामयिक निधन की सूचना देते हुए अत्यंत दुख हो रहा है। दुख की इस घड़ी में हम सभी से अनुरोध करते हैं कि दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करें।' कंपनी ने बताया कि उन्हें बुधवार दोपहर एक बजे बेंगलुरु के हेब्बल शवदाहगृह में अंतिम श्रद्धांजलि दी जा सकती है। कई तरह के वाहनों की बिक्री करने वाली टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) जापान की ऑटो क्षेत्र की दिग्गज कंपनी टोयोटा मोटर और किर्लोस्कर ग्रुप का संयुक्त उद्यम है।

## कारपोरेटनामा

### बेबी मू ने लांच किए 3500 उत्पाद



हिमानी शाह | धर्मेश पटेल | विनीता जैन

नई दिल्ली (वि.)। नवजात शिशुओं व बच्चों के उत्पाद बनाने वाली कंपनी बेबी मू ने 3500 बेबी प्रोडक्ट पेश करने वाला एकमात्र भारतीय ब्रांड बन गया है। यहां जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि कंपनी देश में 600 स्टोर के माध्यम से नवजात शिशुओं व बच्चों की जरूरत के उत्पाद मुहैया करा रही है। बेबी कार्ट एलएलपी एक बी2बबी नेटवर्क के जरिए यह उत्पाद मुहैया कराए जा रहे हैं। वर्ष 2024 तक देश में इसके स्टोर्स की संख्या 1600 तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है। बेबी मू बच्चों के उत्पाद ई कामर्स प्लेटफार्म पर भी है। जहां शिशु की देखभाल में काम आने वाले लगभग सभी उत्पाद उपलब्ध हैं। यह उत्पाद मिंत्रा, अमेजन, फ्लिपकार्ट जैसे मंचों पर हैं। बेबी मू के संस्थापक विनीता जैन, धर्मेश पटेल और हिमानी शॉ हैं।

### सुरक्षा उत्पादों की प्रदर्शनी आज से

नई दिल्ली (भाषा)। सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद बनाने में मददगार अत्याधुनिक उत्पादों की यहां एक दिसम्बर से आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी में ड्रोन और रात में देखने की सुविधा वाले निगरानी कैमरे समेत बड़ी संख्या में अत्याधुनिक उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा। प्रदर्शनी का आयोजन करने वाली कंपनी इन्फोर्मा मार्केट इन इंडिया ने कहा कि 'इंटरनेशनल फायर एंड सिक्युरिटी एग्जिबिशन एंड कान्फ्रेंस इंडिया एक्सपो' के 15वें संस्करण का आयोजन एक से तीन दिसम्बर 2022 को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के प्रगति मैदान में किया जाएगा। इस प्रदर्शनी में देश और विदेश की 180 कंपनियां भाग ले रही है जिसमें गोदरेज, सीगेट, नेटगियर, तोसीबा, हिकविजन, जेडकेटेको, ग्लोबस इनफोकॉम आदि शामिल है। इन्फोर्मा के प्रबंध निदेशक योगेश मुद्रास ने कहा कि सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारत में सुरक्षित शहर परियोजनाओं की भारी मांग है। यह प्रदर्शनी इस मांग को पूरा करने के लिए विभिन्न पक्षों को एक मंच पर लाने का जरिया है।

### यूनिपार्ट्स का आईपीओ खुला

नई दिल्ली (वि.)। इंजीनियरिंग समाधान मुहैया कराने वाली कंपनी यूनिपार्ट्स इंडिया की शुरुआती शेयर बिक्री 30 नवम्बर को सार्वजनिक सदस्यता के लिए खुलेगी। तीन दिन का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) दो दिसम्बर को बंद होगा। इश्यू का प्राइस बैंड 10 रुपए अंकित मूल्य के 548 से 577 रुपए प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया आफ़र शुक्रवार दिसम्बर, 2022 को बंद होगा। न्यूनतम 25 इक्विटी शेयर और उसके बाद 25 इक्विटी शेयरों के गुणक में बोली लगाई जा सकती है। मसौदा दस्तावेजों के अनुसार एंकर निवेशक के लिए बोली की तारीख 29 नवम्बर थी। आईपीओ पूरी तरह से प्रवर्तक समूह संस्थाओं और मौजूदा निवेशकों द्वारा 14,481,942 शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित है। कंपनी को सार्वजनिक निर्गम से कोई आय प्राप्त नहीं होगी। यूनिपार्ट्स ने इससे पहले दिसम्बर 2018 और सितम्बर 2014 में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास आईपीओ के शुरुआती दस्तावेज जमा किए थे जिसके लिए उसे मंजूरी भी मिल गई थी लेकिन वह आईपीओ लेकर नहीं आई थी।




### बायोकॉन ने अधिग्रहण किया

नई दिल्ली (भाषा)। जैव औषधि कंपनी बायोकॉन ने मंगलवार को कहा कि उसकी इकाई बायोकॉन बायोलॉजिक्स ने अपने भागीदार वायट्रिस इंक के 'बायोसिमिलर' कारोबार का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। बायोकॉन बायोलॉजिक्स ने इस साल फरवरी में वायट्रिस इंक के 'बायोसिमिलर' कारोबार का 3.33 अरब डालर (करीब 24,990 करोड़ रुपए) में अधिग्रहण करने को लेकर एक समझौता किया था। 'बायोसिमिलर' कारोबार से आशय मूल दवाओं से मिलती-जुलती औषधियों के कारोबार से है। 'बायोसिमिलर' एक अलग कंपनी द्वारा तैयार दवाएं होती है, जो मूल दवा बनाने वाली कंपनी के उत्पादों से काफी हद तक मिलती-जुलती होती है।

### टीम रिदम ने जीता मूट कोर्ट कंपटीशन

नई दिल्ली (वि.)। सिंबोयसिस लॉ स्कूल नोएडा की टीम रिदम खोरानिया ने एमएआईएमएस नई दिल्ली द्वारा आयोजित नेशनल मूट कोर्ट कंपटीशन 2022 में सफलता का परचम लहराया है। स्कूल की द्वितीय वर्ष की छात्रा रिदम खोरानिया ने तनय कपिलाश व श्रेया दीक्षित के साथ मिलकर पूरे भारत के 72 लॉ इंस्टीट्यूट की टीमों के बीच आयेजित प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम रिदम खोरानिया ने सेमीफाइनल में रमैया कालेज आफ लॉ, बेंगलुरु की टीम को व फाइनल में नेशनल लॉ इंस्टीट्यूट कोच्चि की टीम को हराकर यह प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किया। विजेताओं को दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश चंद्रधारी सिंह व न्यायाधीश सचित दत्ता ने पुरस्कृत किया। टीम रिदम खोरानिया को विजेता ट्राफी के साथ 35 हजार रुपए का पुरस्कार भी मिला।


# बिजली वितरण कंपनियों के बकाए में आई कमी

■ 24680 करोड़ रुपए घटकर 113269 करोड़ रुपए पर आया

नई दिल्ली (भाषा)।

बिजली वितरण कंपनियों (डिस्काम) पर बिजली उत्पादकों, पारेषण कंपनियों और व्यापारियों का बकाया पिछले छह माह में 24,680 करोड़ रुपए घटकर 1,13,269 करोड़ रुपए रह गया है। बिजली मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी।

बिजली मंत्रालय ने बयान में कहा कि बिजली (विलम्ब भुगतान अधिभार एवं संबद्ध मामले) नियम, 2022 के क्रियान्वयन के साथ डिस्काम के आपूर्तिकर्ताओं (बिजली उत्पादक, पारेषण कंपनियों और व्यापारियों) के बकाया में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है।



बयान में कहा गया है कि डिस्काम पर कुल बकाया तीन जून, 2022 को 1,37,949 करोड़ रुपए था। चार मासिक किस्तों (ईएमआई) के समय पर भुगतान से यह 24,680 करोड़ रुपए घटकर 1,13,269 करोड़ रुपए रह गया है। पांच राज्यों ने 24,680 करोड़ रुपए की ईएमआई के भुगतान के लिए पावर फाइनेंस कारपोरेशन (पीएफसी) और आरईसी लि. से 16,812 करोड़ रुपए का कर्ज लिया है जबकि आठ अन्य राज्यों ने इसके लिए अपनी खुद व्यवस्था की है। वितरण कंपनियां भी अपने मौजूदा बकाया का समय पर भुगतान कर रही हैं, जिसने वे नियमन के तहत नहीं आएं। वितरण कंपनियों ने पिछले पांच माह में मौजूदा बकाया के करीब 1,68,000 करोड़ रुपए का भुगतान किया है। अभी सिर्फ एक कंपनी जेबीवीएनएल ने मौजूदा बकाया का भुगतान नहीं करने की वजह से नियमन के तहत आई है।

बयान के अनुसार अब तक जो परिणाम आए हैं, उसको देखते हुए यह उम्मीद है कि विलम्ब भुगतान अधिभार नियम के कड़ाई से क्रियान्वयन से बिजली क्षेत्र को वित्तीय रूप से व्यवहारिक बनाने में मदद मिलेगी।

# इंग्लैंड लगातार दूसरी बार अंतिम-16 में

## फीफा विश्वकप: आठ साल बाद अमेरिका प्री क्वार्टरफाइनल में

**दोहा ।** कतर में आयोजित फीफा विश्वकप 2022 के ग्रुप-बी के मुकाबले में इंग्लैंड और अमेरिका अपने-अपने मुकाबले जीतकर अंतिम-16 में जगह बनाई। इंग्लैंड ने अपने पड़ोसी मुल्क वेल्स को 3-0 से हराकर टूर्नोमेंट के सुपर-16 चरण में जगह बना ली है। अहमद बिन अली स्टेडियम पर मंगलवार को खेले गये मुकाबले में मार्कस रैशफोर्ड (50वां, 68वां मिनट) ने इंग्लैंड के लिये दो गोल किये, जबकि फिल फोडेन (51वां मिनट) ने एक गोल जमाया। इंग्लैंड ने टूर्नामेंट में नौ गोल पूरे करते हुए 2018 में बनाये गये विश्व कप ग्रुप चरण में आठ गोलों के अपने पिछले रिकॉर्ड को भी तोड़ा। पिछले मैच में अमेरिका के साथ ड्रॉ खेलने वाली इंग्लैंड ने यहां भी सुस्त शुरुआत की और वेल्स के रक्षण के सामने पहले हाफ में फीकी नजर आयी।

रैशफोर्ड ने दूसरे हाफ की शुरुआत में फ्रीकिक से गोल करके इंग्लैंड का खाता खोला। मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिये खेलने वाले स्ट्राइकर ने तीन मिनट बाद हैरी केन को पास दिया, और फोडेन ने केन से बॉल लेकर इंग्लैंड की बढ़त दोगुनी कर दी। वेल्स दो गोल से पिछड़ने के बाद आक्रामक रूप में आ गयी। डैन जेम्स और किफर मूर ने इंग्लैंड के गोल पर निशाने लगाये और इंग्लिश टीम पूरे मैच में पहली बार दबाव में नजर आयी। रैशफोर्ड पर हालांकि इसका कोई फर्क नहीं पड़ा और उन्होंने 68वें मिनट में रात का अपना दूसरा गोल करते हुए इंग्लैंड को 3-0 से जीत दिलाई। इंग्लैंड को सुपर-16 चरण में सेनेगल का सामना करना है, जो ग्रुप-ए से छह अंकों के साथ इस चरण में आयी है।



### पुलिसिच के गोल ने अमेरिका को सुपर-16 में पहुंचाया

अमेरिका ने क्रिश्चियन पुलिसिच के निर्णायक गोल की मदद से फीफा विश्व कप 2022 के ग्रुप-बी मुकाबले में ईरान को 1-0 से हराकर सुपर-16 चरण में जगह बना ली है। पुलिसिच ने अल सुमामा स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले का एकमात्र गोल 38वें मिनट में करते हुए अमेरिका को बहुमूल्य तीन अंक दिलाये। ईरान ने पहले हाफ में सुस्त शुरुआत करते हुए गोल पर एक भी निशाना नहीं साधा, जबकि पुलिसिच के गोल ने अमेरिका को शुरुआती बढ़त दिला दी। पहला हाफ समाप्त होने से ठीक पहले टिमोथी वी ने एक बार फिर बॉल को नेट में पहुंचाया लेकिन इसे ऑफसाइड करार दे दिया गया। ईरान को सुपर-16 में पहुंचने के लिये सिर्फ एक ड्रॉ की जरूरत थी और दूसरे हाफ में यह टीम आक्रामकता के साथ पिच पर उतरी। समन गोद्दोस 52वें और 77वें मिनट में गोल के करीब पहुंचे लेकिन एक बार भी स्कोर नहीं कर सके। ईरान के पास अतिरिक्त समय में भी गोल करने का प्रयास था, हालांकि इस बार भी बॉल गोलपोस्ट के पास से निकल गयी। अमेरिका ने तीन मैचों में पांच अंकों के साथ ग्रुप-बी में दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि इंग्लैंड सात अंकों के साथ शीर्ष पर रही।

### अमेरिका की जीत पर माइक की ओर भागे राष्ट्रपति बाइडन, लगाए नारे



अमेरिका ने ईरान की टीम को 1-0 से हराकर अंतिम-16 में अपना स्थान पक्का किया। इस जीत के बाद राष्ट्रपति जो बाइडन भी काफी खुश दिखाई दिए। वह एक सभा में अपने उत्साह को छिपा नहीं सके और टीम के लिए जमकर नारे लगाए। राष्ट्रपति बाइडन ने मिशिगन में भीड़ के सामने टीम की जीत की घोषणा की। जीत की खबर मिलते ही वह मंच की ओर बढ़ गए। उन्हें ऐसा करते देख सुरक्षाकर्मी भी हैरान थे। वह भी बाइडन के पीछे गए। राष्ट्रपति मंच पर गए और माइक उठा लिया। राष्ट्रपति बाइडन ने माइक उठाकर वहां मौजूद लोगों से कहा, अमेरिका 1-0 से जीत गया है। यूएसए! यूएसए! यह एक बड़ा खेल है। जब मैंने कोच और खिलाड़ियों से बात की थी तो मैंने कहा था आप जीत सकते हैं।

**ग्रुप-बी की अंक तालिका**

| टीमें | मैच | जीत | ड्रॉ | हार | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| इंग्लैंड | 3 | 2 | 1 | 0 | 7 |
| अमेरिका | 3 | 1 | 2 | 0 | 5 |
| ईरान | 3 | 1 | 0 | 2 | 3 |
| वेल्स | 3 | 0 | 1 | 2 | 2 |

### पुरुषों के विश्वकप में पहली महिला रेफरी होंगी फ्रांस की स्टेफनी

फ्रांस की स्टेफनी फ्रेपर्ट एक बार फिर इतिहास रचने जा रही हैं। वह एक दिसंबर को कोस्टारिका और जर्मनी के मैच में रेफरी की भूमिका में नजर आएंगी। वह पहली महिला रेफरी होंगी, जो पुरुषों के किसी टूर्नामेंट में रेफरी बनेंगी। अल बायत स्टेडियम में होने वाले इस मैच में ब्राजील के सहायक रेफरी नूजा बैक और मेक्सिको के करेन डियाज मदीना भी फ्रेपर्ट की मदद करेंगे। पुरुषों के फीफा विश्वकप में पहली बार तीन महिला रेफरियों को शामिल किया गया है। दो अन्य रवांडा की सलीमा मुकानसांगा और जापान की यामाशिता हैं।

# न्यूजीलैंड ने जीती वनडे सीरीज

### तीसरा मैच भी बारिश में धुला





**क्राइस्टचर्च।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेली गयी तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला का आखिरी मैच बुधवार को बारिश में धुलने के बाद न्यूजीलैंड ने सीरीज 1-0 से जीत ली। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड को 220 रन का लक्ष्य दिया।

न्यूजीलैंड ने इसके जवाब में 18 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 104 रन बना लिये जिसके बाद बारिश ने हेगले ओवल पर दस्तक दे दी। डकवर्थ लुइस नियम के अनुसार मैच का परिणाम निकालने के लिये कम से कम 20 ओवर फेंके जाने की जरूरत थी, लेकिन एक घंटे और चालीस मिनट तक बारिश न रुकने के बाद अंपायरों ने मैच को रद्द करने का निर्णय लिया। न्यूजीलैंड के लिये सलामी बल्लेबाज फिन एलेन ने 54 गेंदों पर आठ चौके और एक छक्का लगाकर 57 रन बनाये, जबकि डेवन कॉनवे ने 51 गेंदों पर छह चौकों के साथ नाबाद 38 रन की पारी खेली। इससे पहले, न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने भारत को 47.3 ओवर में 219 रन पर ऑलआउट कर दिया। भारत को इस सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने के लिये वाशिंगटन सुंदर ने 64 गेंदों पर पांच चौके और एक छक्का लगाकर 51 रन बनाये, जबकि श्रेयर अय्यर ने 59 गेंदों पर आठ चौकों के साथ 49 रन का योगदान दिया।तीन मैचों की सीरीज 1-0 से जीतने वाली न्यूजीलैंड ने जहां पहला मैच सात विकेट से जीता, वहीं दूसरा मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था।

**भारत की धीमी शुरुआत**

भारत ने इस मैच में टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए धीमी शुरुआत की और दोनों ओपनर छोटे स्कोर पर आउट हो गये। शुभमन गिल ने 22 गेंदों पर दो चौकों के साथ 13 रन बनाये जबकि शिखर धवन ने 45 गेंदों पर तीन चौके और एक छक्का लगाकर 28 रन की पारी खेली। ऋषभ पंत ने 16 गेंदों पर 10 रन का योगदान दिया और दबाव में आकर डीप स्क्वेयर लेग पर खड़े ग्लेन फिलिप्स को कैच थमा बैठे। अच्छी लय में नजर आ रहे अय्यर ने पंत के साथ 30 रन जोड़े जबकि सूर्यकुमार यादव (छह रन) के साथ 25 रन की साझेदारी की, हालांकि वह अपने अर्द्धशतक से एक रन की दूरी पर लोकी फर्ग्यूसन का शिकार हो गये। भारत के आखिरी बल्लेबाज दीपक हुड्डा (12) के आउट होने के बाद टीम संकट में थी और 200 रन तक पहुंचना मुश्किल लग रहा था। सुंदर ने यहां पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ साझेदारी करते हुए टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। सुंदर और युजवेंद्र चहल की 31 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी के दम पर भारत ने 200 रन का आंकड़ा पार किया। मिचेल सैंटनर ने चहल को आठ रन पर आउट करके यह साझेदारी तोड़ी। भारत आखिरी दो विकेटों के बदले 18 रन ही जोड़ सका और 47.3 ओवर में 219 रन पर ऑलआउट हो गया।

# भारतीय लेखा विभाग की पश्चिम क्षेत्रीय बेडमिंटन प्रतियोगिता संपन्न



**भोपाल।** कार्यालय महालेखाकार लेखापरीक्षा-द्वितीय भोपाल के तत्वावधान में भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग की पश्चिम क्षेत्रीय बेडमिंटन प्रतियोगिता का समापन स्थानीय टीटीनगर स्टेडियम में हुआ। प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर मप्र शासन के विधी और विधायी कार्य विभाग के मंत्री रामपाल सिंह, मुख्य अतिथी रहे। तीन दिवसीय प्रतियोगिता का समापन प्रधान महालेखाकार डी. साहू के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

प्रतियोगिता में पुरुषों के एकल मुकाबले में महालेखाकार मुम्बई कार्यालय के अजय मीणा ने अपने ही कार्यालय के जसविंदर सिंह को हराकर विजेता बने। पुरुषों के युगल मुकाबले में भोपाल कार्यालय के राजेश वर्मा व संजय सिंह ठाकुर चैंपियन रहे। महिला वर्ग में महालेखाकार कार्यालय अहमदाबाद की स्नेहन क्रिस्टीयन विजेता रहीं। मिश्रित युगल में भोपाल के राजेश वर्मा व जयपुर की कर्मा मीणा की जोड़ी विजेता रही। वहीं टीम चेम्पियनशिप के खिताब पर महालेखाकार कार्यालय मुम्बई ने कब्जा किया। प्रतियोगिता का सफल आयोजन प्रधान महालेखाकार डी. साहू की देखरेख में हुआ। इस अवसर पर प्रधान महालेखाकार ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान करते हुए बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अंत में आयोजन समिति के सदस्यों भूषण भिरूड, उप-महालेखाकार सहित आनंद श्रीवास्तव, आशीष बागडे व संजय सक्सेना आदि को प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

# खिताब के लिए भिड़ेंगे महाराष्ट्र और सौराष्ट्र



ऋतुराज व बावने ने जड़ा शतक

**अहमदाबाद।** महाराष्ट्र और सौराष्ट्र ने बुधवार को अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीतकर विजय हजारे ट्रॉफी के फाइनल में जगह बनाई। दोनों टीमों के बीच खिताबी मुकाबला शुक्रवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा। महाराष्ट्र की टीम पहली बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची है। फॉर्म में चल रहे कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और अंकित बावने के शतक से महाराष्ट्र ने अहमदाबाद में हुए मैच में असम को 12 रन से हरा दिया। बल्लेबाजी का न्यौता मिलने पर महाराष्ट्र ने गायकवाड़ की 126 गेंद में 168 रन की पारी और बावने के 89 गेंद में 110 रन की बदौलत सात विकेट पर 350 रन का स्कोर खड़ा किया। गायकवाड़ और बावने ने 207 रन की साझेदारी की। गायकवाड़ ने 18 चौके और छह छक्के जड़े। यह चार मैच में उनका तीसरा शतक है। बावने ने भी टूर्नामेंट का अपना दूसरा शतक जड़ा। उन्होंने अपनी पारी में 10 चौके और दो छक्के लगाए। असम के लिए मुख्तार हुसैन 42 रन देकर सर्वाधिक तीन विकेट लिए। जवाब में स्वरूपम पुरकायस्थ 95 ने असम को दौड़ में बनाए रखा लेकिन टीम निर्धारित 50 ओवर में आठ विकेट पर 338 रन ही बना सकी। राज्यवर्धन हेंगारगेकर 65 रन देकर महाराष्ट्र के सबसे सफल गेंदबाज रहे।

**उनादकट ने दिलाई सौराष्ट्र को जीत :** बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट 26 रन पर 4 विकेट के शानदार प्रदर्शन से सौराष्ट्र ने कर्नाटक को पांच विकेट से हराया। कर्नाटक के सात बल्लेबाज दोहरे अंक में भी नहीं पहुंच पाए और पूरी टीम 49.1 ओवर में 171 रन पर सिमट गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सौराष्ट्र की टीम ने 36.2 ओवर में पांच विकेट पर 172 रन बनाकर जीत दर्ज की।

# ऑस्ट्रेलिया 16 साल बाद नाकआउट में पहुंचा

**दोहा।** फुटबॉल विश्व कप में बुधवार को ऑस्ट्रेलिया ने डेनमार्क को हराकर बड़ा उलटफेर किया। ग्रुप-डी में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 1-0 से जीत हासिल की। इस जीत के साथ ही वह नाकआउट में पहुंच गया है। वह विश्व कप इतिहास में दूसरी बार नॉकआउट राउंड में पहुंचा है।,

16 साल पहले 2006 में ऑस्ट्रेलिया प्री-क्वार्टर फाइनल तक पहुंचा था। ऑस्ट्रेलिया ने डेनमार्क के खिलाफ मैच में 60वें मिनट में पहला गोल किया। कंगारू टीम के लिए मैथ्यू लेकी ने पहला गोल किया। इस गोल के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम शीर्ष दो में पहुंच गई है। ऑस्ट्रेलिया और डेनमार्क के बीच दूसरे हाफ में यह मैच विजयी गोल किया गया। डेनमार्क और ऑस्ट्रेलिया बीच हाफटाइम तक कोई गोल नहीं हो सका था। ऑस्ट्रेलिया इस मैच को ड्रॉ कराकर भी प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच जाता, लेकिन डेनमार्क को किसी भी हाल में जीत चाहिए थी। हार के साथ डेनमार्क टूर्नामेंट से बाहर हो गया। ऑस्ट्रेलिया ने पजेशन 34 फीसदी रहा है। डेनमार्क की टीम ने इस मैच में ज्यादा प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। उसका बॉल पजेशन 66 फीसदी रहा, लेकिन गोल करने में असफल रहा। डेनमार्क ने हालांकि गोल करने के पांच प्रयास किए, लेकिन सब असफल रहे।

### डेनमार्क को 1-0 ये हराकर किया उलटफेर



### पेले सात माह बाद फिर अस्पताल में भर्ती


**साओ पाउलो।** ब्राजील के महान फुटबॉल खिलाड़ी पेले एक बार फिर से अस्पताल में भर्ती हो गए हैं। पेले कैंसर से जूझ रहे हैं और उन्हें नियमित जांच के लिए अस्पताल में रखा गया है। पेले के अस्पताल जाने के बाद यह बताया जाने लगा कि उनकी हालत गंभीर है, लेकिन उनकी बेटी केली नैसिमेंटो ने सच्चाई बताई है। उन्होंने कहा कि कोई इमरजेंसी नहीं है। ब्राजील ने बताया कि पेले को सामान्य सूजन के बाद अल्बर्ट आइंस्टीन अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनके स्वास्थ्य की जांच हुई है। इसके बाद पेले की बेटी केली नैसिमेंटो ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर सच्चाई बताई। उन्होंने लिखा, मीडिया में मेरे पिताजी के स्वास्थ्य के बारे में बहुत सी खबरें हैं। वह अस्पताल में नियमित जांच के लिए गए हैं। कोई आपात स्थिति नहीं है। मैं नए साल के लिए वहां रहूंगा और कुछ तस्वीरें पोस्ट करने का वादा करती हूं। सात महीने पहले भी पेले को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। तब नियमित जांच के बाद वो बाहर आ गए थे। 82 वर्षीय पेले के कोलन बड़ी आंत से सितंबर 2021 में ट्यूमर हटाया गया था।

# सॉई वॉटर प्रूफिंग ने जीता खिताब

**भोपाल।** अवधपूरी के जम्बूरी मैदान में स्वर्गीय एमएल त्रिपाठी के स्मृति टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेन्ट का फाइनल मुकाबला शिवलोक एकादश तथा सॉई वॉटर प्रूफिंग के बीच खेला गया। सॉई वॉटर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। शिवलोक एकादश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शानदार 187 रन बनाये। इसके जवाब में सॉई वॉटर प्रूफिंग ने 2 विकट से मैच जीतकर चैंपियन बनी। मैन ऑफ द मैच सागर रहे, जिन्होंने 64 रन बनाये। मैन ऑफ द सीरीज मिकी रहे। बेस्ट बॉलर राहुल तथा बेस्ट बेट्समेन सागर रहे। इस मौके पर टूर्नामेंट के आयोजक डॉ. राजेश त्रिपाठी, डॉ. सुशील तिवारी, डॉ. इशांक त्रिपाठी तथा इंजी. अनुराग रघुवंशी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में गणेश राम नागर, गोविंदपुरा विधान सभा सह प्रभारी, बी. शक्ति राव पार्षद वार्ड 61 मौजूद रहे।



# रोमांचक मुकाबले में फ्रांस उलटफेर का शिकार, ट्यूनीशिया ने 1-0 से हराया



**दोहा ।** ट्यूनीशिया ने बुधवार को फीफा विश्व कप 2022 के रोमांच और उत्साह से भरे मुकाबले में फ्रांस को 1-0 से हराकर टूर्नामेंट में एक और उलटफेर को अंजाम दिया। एजुकेशन सिटी स्टेडियम पर खेले गये ग्रुप-डी मैच में वाहबी खजरी 58वां मिनट ने विजेता टीम का गोल किया। ट्यूनीशिया ने दो बार की विश्व चैंपियन फ्रांस को पहले हाफ में कड़ी चुनौती देने के बाद दूसरे हाफ में खजरी के गोल से बढ़त बना ली। ट्यूनीशिया आधिकारिक समय के समाप्त होने के बाद जीत की ओर अग्रसर थी लेकिन एंटोइने ग्रीज़मैन ने अतिरिक्त समय के आखिरी पलों में गोल किया और स्टेडियम में सन्नाटा छा गया। ट्यूनीशियाई प्रशंसकों को लगा कि उनसे एक बेहद बहुमूल्य जीत छीन ली गयी है, लेकिन रेफरी ने तभी गोल को रिव्यू करने का फैसला किया। रेफरी ने वीएआर की सहायता लेकर इस गोल को अस्वीकृत कर दिया और ट्यूनीशिया ने किसी भी यूरोपीय देश के खिलाफ अपनी पहली विश्व कप जीत दर्ज की। इस जीत के बावजूद ट्यूनीशिया सुपर-16 चरण में नहीं पहुंच सकी क्योंकि वह ग्रुप-डी में एक जीत, एक ड्रॉ और एक हार के साथ तीसरे स्थान पर रही, जबकि फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया ने शीर्ष दो टीमों के रूप में पहले चरण का समापन किया।

## संजू सैमसन को मौका नहीं देने पर शिखर धवन बोले- पंत मैच विनर, थोड़ा इंतजार करना होगा

भारत और न्यूजीलैंड के बीच हाल में ही संपन्न हुई तीन वनडे मैचों की श्रृंखला में शिखर धवन कप्तानी कर रहे थे। इस दौरान टीम इलेवन में चयन को लेकर उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रॉल भी किया गया। इसका सबसे बड़ा कारण यह था कि टीम में ऋषभ पंत को मौका दिया गया जबकि खुद को साबित करने के बाद भी संजू सैमसन को बाहर बैठना पड़ा। इसको लेकर शिखर धवन की आलोचना भी हुई। हालांकि, आज शिखर धवन ने इसका जवाब भी दे दिया है। शिखर धवन ने साफ तौर पर कहा है कि ऋषभ पंत ने खुद को मैच विजेता के तौर पर साबित किया है। उन्होंने कहा कि जब ऋषभ पंत मुश्किल परिस्थितियों से गुजर रहे हैं तब टीम प्रबंधन के पूर्ण समर्थन के वह हकदार हैं। इसके साथ ही उन्होंने संजू सैमसन से थोड़ा इंतजार करने को भी कहा। आपको बता दें कि हाल के दिनों में सीमित ओवर के क्रिकेट में ऋषभ पंत विफल रहे हैं। यही कारण है कि उन पर सवाल उठ रहे हैं। पंत ने सीमित ओवरों के प्रारूपों में अपनी पिछली नौ पारियों में 10, 15, 11, छह, छह तीन, नौ, नौ और 27 रन बनाये है। हालांकि, संजू सैमसंग के उपलब्ध रहने के बावजूद भी ऋषभ पंत को लगातार मौके दिए गए। यही कारण है कि कहीं ना कहीं कप्तान और टीम मैनेजमेंट पर सवाल भी उठे हैं। लेकिन शिखर धवन ने साफ तौर पर कहा कि कुल मिलाकर आपको बड़ी तस्वीर देखनी होगी कि आपका मैच विजेता कौन होगा। आप विश्लेषण करते हैं और आपके फैसले उसी पर आधारित होते हैं। उन्होंने कहा कि सैमसन की तुलना में पंत को टीम में शामिल करने जैसे पेचीदा मामलों में कप्तान की जगह पर होना मुश्किल नहीं है। भारतीय कप्तान ने कहा कि निश्चित रूप से, संजू सैमसन को जो भी अवसर मिला है, वह वास्तव में अच्छा कर रहा है। लेकिन कभी-कभी आपको अपने मौके का इंतजार करना पड़ता है, क्योंकि दूसरे खिलाड़ी ने अच्छा किया है और हम उसे (पंत को) कौशल के आधार पर जानते हैं कि वह मैच विजेता है। इसलिए जब वह अच्छा नहीं कर रहा होता है तो आपको उसका समर्थन करने की जरूरत होती है। भारतीय टीम के इस दौरे के छह में से चार मैचों का नतीजा बारिश के कारण नहीं निकला और विलियमसन ने इसे परेशान करने वाला करार दिया। उन्होंने कहा कि यह परेशान करने वाला है। हम बारिश को नियंत्रित नहीं कर सकते। लेकिन हां, हमें मौके मिले, अपनी खामियों पर चर्चा करने का मौका मिला, जहां हम सुधार कर सकते हैं। हम उस सब पर चर्चा करते हैं और विश्लेषण करते हैं।

# भारत ने छह साल बाद ऑस्ट्रेलिया को हराया

## आखिरी मिनट में गोल दागकर 4-3 से भारत विजयी

**एडिलेड ।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने आखिरी मिनट में गोल दागकर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली जा रही पांच मैचों की श्रृंखला का तीसरा टेस्ट बुधवार को 4-3 से जीत लिया। भारत ने छह साल में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को शिकस्त दी है।

भारत की इस ऐतिहासिक जीत में हरमनप्रीत (12वां), अभिषेक (47वां), शमशेर सिंह (57वां) और आकाशदीप (60वां मिनट) ने गोल किये। ऑस्ट्रेलिया के गोल जैक वेल्श (25वां), ऐरन जलॉस्की (32वां) और नेथन एफरॉम्स (59वां मिनट) ने दागे। इस जीत का श्रेय गोल करने वाले खिलाड़ियों के साथ-साथ गोलकीपर पीआर श्रीजेश को भी जाता है, जिन्होंने महत्वपूर्ण मौकों पर शानदार रक्षण किया। मैच के तीसरे क्वार्टर के अंत तक भारत 2-1 से पिछड़ा हुआ था, लेकिन चौथे क्वार्टर की शुरुआत में ही अभिषेक के गोल से टीम ने मैच में वापसी की। स्कोर 2-2 पर बराबर होने के बाद जब मैच में सिर्फ चार मिनट बचे थे, तब शमशेर ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके भारत को एक गोल की बढ़त दिला दी। इसके अगले ही मिनट में ऑस्ट्रेलिया को भी पेनल्टी कॉर्नर मिला. लेकिन गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने शानदार प्रयास से उन्हें स्कोर नहीं करने दिया। मैच में जब सिर्फ 75 सेकंड बचे थे, तब ऑस्ट्रेलिया ने एक और पेनल्टी को गोल में तब्दील करके स्कोर 3-3 से बराबर कर लिया, लेकिन आखिरी मिनट में आकाश के गोल ने भारत की जीत दिला दी। मैच के आखिरी मिनट में मनदीप सिंह गेंद को लेकर ऑस्ट्रेलियाई गोल की ओर बढ़े और जब मैच में सिर्फ 54 सेकंड बचे थे, तब उन्होंने निस्वार्थता के साथ आकाशदीप को पास दिया। आकाशदीप ने यहां गोल करके भारत को छह साल बाद ऑस्ट्रेलिया पर जीत दिला दी।



### 2016 के बाद ऑस्ट्रेलिया पर पहली जीत

2016 के बाद यह भारत की ऑस्ट्रेलिया पर पहली जीत है। इससे पहले भारत ने 2016 में खेले गये पहले हॉकी टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को 3-2 से हराया था। सीरीज में पहले दो मैच हारने के बाद भारत ने यह मुकाबला जीतकर पांच मैचों की सीरीज में खुद को बरकरार रखा है। सीरीज का चौथा मैच शनिवार को खेला जायेगा।भारत ने करो या मरो के इस मुकाबले में संयम भरी शुरुआत की और हरमनप्रीत के गोल से 12वें मिनट में ही बढ़त भी दिला दी। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के पास सातवें मिनट में गोल करने का मौका ,लेकिन वह भारतीय गोलकीपर कृष्णा बहादुर पाठक को पार नहीं कर सके। हरमनप्रीत ने पांच मिनट बाद मिले पेनल्टी कॉर्नर को दिशा देते हुए ऑस्ट्रेलियाई गोलकीपर जोहन डस्ट को छकाकर गेंद को नेट में डाल दिया।

## भूकंप के तेज झटकों से हिले ईरान और दुबई

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** ईरान और दुबई में बुधवार रात (भारतीय समयानुसार) भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र दक्षिणी ईरान में रहा। जिसके चलते दुबई के अबू धाबी में भी तेज झटके महसूस किए गए। इसकी गहराई 9.8 किमी रही। जानकारी के मुताबिक बहरीन, सऊदी अरब, कतर और संयुक्त अरब अमीरात में भी झटके महसूस किए गए हैं। उधर, धरती दहलते ही लोग घबराकर अपने-अपने घरों से बाहर दौड़ पड़े। फिलहाल किसी तरह के जान-मान के नुकसान की सूचना नहीं है। मंगलवार दिल्ली-हृष्टक्र में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। हालांकि भूकंप कम तीव्रता वाला था। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 2.5 मापी गई थी।

## यूनेस्को विरासत सूची में कंबोडिया की मार्शल आर्ट

**नोम पेन्ह (एजेंसी)।** कंबोडिया की पारंपरिक मार्शल आर्ट 'कुन लबोकेटर' को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की यूनेस्को की प्रतिनिधि सूची में शामिल किया गया है। कंबोडिया के संस्कृति और ललित कला मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। बयान में कहा गया है कि इसकी रूपरेखा मंगलवार को मोरक्को के रबात में अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा के लिए अंतर सरकारी समिति के 17वें सत्र के दौरान बनाई गई थी। बयान में कहा गया कि यह एक बड़ी सफलता है और राष्ट्र के लिए गर्व का एक नया स्रोत है, जो कि कंबोडियाई प्रधानमंत्री सैमडेच टेको हुन सेन के सुदृढ़ नेतृत्व में सरकार द्वारा किए गए उच्च प्रतिबद्धता और मजबूत प्रयासों से संभव हुआ।

## चयनित प्रधानाचार्यों का पैनल भेजने की मांग

**लखनऊ (ब्यूरो)।** उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट के बैनर तले प्रदेश उपाध्यक्ष व शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी उपेंद्र वर्मा के नेतृत्व में उप्र माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड प्रयागराज को प्रधानाचार्य भर्ती-2013 के अभ्यर्थियों का पैनल प्रेषण एवं रिक्त प्रधानाचार्य पदों पर लिखित परीक्षा के विज्ञापन शीघ्र जारी करने के संबंध में चयन बोर्ड के उप सचिव नवल किशोर को बुधवार को ज्ञापन सौपा। श्री वर्मा ने कहा कि प्रधानाचार्य भर्ती-2013 का अंतिम परिणाम एक सप्ताह से ज्यादा आए हो गया है, किंतु नियुक्ति हेतु जिला विद्यालय निरीक्षकों को अभ्यार्थियों की नियुक्ति का पैनल अभी तक चयन बोर्ड के कार्यालय से नहीं भेजा गया है।

## दिव्यांगों को पुरस्कार प्रदान करेंगे राज्यमंत्री कश्यप

**लखनऊ (ब्यूरो)।** प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर तीन दिसम्बर को दिव्यांगजनों को मुख्य अतिथि के रूप में राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान करेंगे। विश्व दिव्यांग दिवस पर दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उप्र द्वारा राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि, मोहान रोड, लखनऊ में स्थित अटल आडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। राज्य स्तरीय पुरस्कार की विविध श्रेणियों के अन्तर्गत कुल 23 व्यक्ति व संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा।

## द. कोरियाई हवाई क्षेत्र में घुसे चीनी-रूसी विमान

**सियोल, (एजेंसी)।** उ. कोरिया संग सतत तनाव झेल रहे द. कोरिया के सिर पर अब चीन और रूस की ओर से भी मुसीबतों की तलवार लटक रही है। दक्षिण कोरिया के हवाई रक्षा क्षेत्र में चीन-रूस के लड़ाकू विमान घुसने से अब इन दोनों देशों के साथ भी तनाव बढ़ने के आसार हैं। द. कोरियाई सेना ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। उ. कोरिया सभी दबावों को दरकिनार करके सतत मिसाइल टेस्ट कर रहा है, जिससे द. कोरिया परेशान है। अब चीन, रूस के लड़ाकू विमानों के बिना अनुमति द.कोरिया की हवाई सीमा में प्रवेश किए जाने से तनाव बढ़ रहा है। चीन के दो व रूस के छह लड़ाकू विमानों ने किसी पूर्व सूचना के बिना द. कोरिया की हवाई सीमा में प्रवेश किया है।

## आज का इतिहास

- **1640:** स्पेन से 60 वर्षों की गुलामी के बाद पुर्तग़ाल स्वतंत्र हुआ।
- **1933:** कोलकाता और ढाका के बीच विमान सेवा की शुरूआत हुई।
- **1959:** अंटार्कटिका के शांतिपूर्ण वैज्ञानिक इस्तेमाल के लिए 12 राष्ट्रों ने संधि पर हस्ताक्षर किये।
- **1959:** बाहरी अंतरिक्ष से पृथ्वी का पहला रंगीन फोटो लिया गया।
- **1963:** नागालैंड भारत का 16वां राज्य बना।
- **1974:** वर्जीनिया के अपरविले में बोइंग 727 विमान दुर्घटनाग्रस्त, 92 की मौत।
- **1976:** अंगोला यूएन का सदस्य ।
- **1976:** बांग्लादेश में जनरल जियाउर रहमान खुद को राष्ट्रपति घोषित किया।
- **1987:** अफ़ग़ानिस्तान के नये संविधान के अंतर्गत डाक्टर नजीबुल्लाह राष्ट्रपति निर्वाचित।
- **1988** पाक में आपातकाल की समाप्ति राष्ट्रपति गुलाम इशहाक ख़ान ने बेनजीर भुट्टो को पीएम नियुक्त किया।

### सैन्य अभ्यास समन्वय में आसियान देशों के प्रतिनिधियों ने भी लिया हिस्सा

# हिंद-प्रशांत क्षेत्र में क्षेत्रीय शक्ति और सुरक्षा देने वाले देशों में उभरा भारत



### प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए संसाधन एवं उपकरण साझा करने का आह्वान

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** वायु सेना स्टेशन आगरा में आसियान देशों के साथ वार्षिक संयुक्त मानवीय सहायता और आपदा राहत अभ्यास समन्वय बुधवार को खत्म हो गया। तीन दिन तक चले इस अभ्यास में आपदा प्रबंधन पर संगोष्ठी, स्थिर और फ्लाइंग डिस्प्ले, टेबल टॉप, बहु एजेंसी अभ्यास शामिल किए गए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अभ्यास के दूसरे दिन क्षमता प्रदर्शन कार्यक्रमों में शामिल हुए और विश्वास व्यक्त किया कि समन्वय में मित्र राष्ट्रों के साथ राष्ट्रीय हितधारकों की भागीदारी आपदा प्रबंधन क्षमताओं में और वृद्धि करेगी। आगरा के वायु सेना स्टेशन में वार्षिक संयुक्त मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) अभ्यास के दौरान नियोजित क्षमता प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए गए।

समन्वय अभ्यास ने नागरिक प्रशासन, सशस्त्र बलों, एनडीएमए, एनआईडीएम, एनडीआरएफ, डीआरडीओ, बीआरओ, आईएमडी, एनआरएस और आईएनसीओआईएस सहित आपदा प्रबंधन में शामिल विभिन्न राष्ट्रीय और क्षेत्रीय एजेंसियों के दृष्टिकोण को बढ़ावा देने में सक्षम रहा। अभ्यास का उद्देश्य भाग लेने वाले आसियान सदस्य देशों के साथ डोमेन ज्ञान, अनुभव और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करना था। क्षमता प्रदर्शन कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हाल के वर्षों में भारत अपने नागरिकों के साथ-साथ क्षेत्रीय भागीदारों को मानवीय सहायता एवं आपदा राहत प्रदान करने की क्षमता के साथ हिंद-प्रशांत क्षेत्र में क्षेत्रीय शक्ति के रूप में उभरा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमने क्षेत्रीय ढांचों के माध्यम से जुड़ाव पैदा करके बहुपक्षीय साझेदारी को मजबूत किया है। इसने संकट की स्थितियों में तेजी से प्रतिक्रिया को सक्षम करने के लिए अंतर-क्षमता में सुधार किया है। रक्षामंत्री ने कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के प्रति संवेदनशील है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि समन्वय में मित्र राष्ट्रों के साथ राष्ट्रीय हितधारकों की भागीदारी आपदा प्रबंधन क्षमताओं में और वृद्धि करेगी। राजनाथ सिंह ने श्रीलंका, नेपाल, इंडोनेशिया, मोजाम्बिक, मालदीव तथा मेडागास्कर में राहत कार्यों के दौरान राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की भूमिका को सराहा।

रक्षा मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि प्राकृतिक आपदाओं की भविष्यवाणी के साथ-साथ एक बड़ी आबादी तक सूचना का प्रसार और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करना होता है, जिसके लिए एक सशक्त तंत्र की आवश्यकता होती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि देशों की अलग-अलग क्षमताएं होने के कारण आपदाओं से निपटने के लिए सहयोगी तैयारी की आवश्यकता है। राजनाथ सिंह ने संसाधनों, उपकरणों और प्रशिक्षण को साझा करके प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए राष्ट्रों से एक साथ आने का आह्वान किया।

## आईएसआईएस का नया खलीफा अबू अल हुसैन को बनाया

### आईएसआईएस चीफ अबू हसन मारा गया



**श्रीनगर, (एजेंसी)।** आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट का प्रमुख अबू हसन अल-हाशिमी अल-कुरैशी लड़ाई में मारा गया है। इस्लामिक स्टेट के प्रवक्ता ने उसके मारे जाने की पुष्टि की। इसके साथ ही इस आतंकी संगठन ने नए आतंकी अबू अल-हुसैन अल-हुसैनी अल-कुरैशी को नया खलीफा घोषित किया है। आतंकी संगठन के प्रवक्ता ने बयान जारी करते हुए कहा कि अबु हसन अल्लाह के दुश्मनों के साथ लड़ाई करते हुए मारा गया है। हालांकि उसने उसकी मौत का समय और परिस्थिति के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। समाचार एजेंसी एपी के मुताबिक आईएस के प्रवक्ता ने एक ऑडियो संदेश भेज कर आतंकी संगठन में हुए इस बदलाव के बारे में जानकारी साझा की।

## अफगानिस्तान में नमाज में धमाका, 17 छात्र मरे

**काबुल (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के समांगन के एबक शहर में बुधवार को बम धमाका हुआ है। जहदिया मदरसे में दोपहर की नमाज के बाद हुए विस्फोट में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई और 27 घायल हो गए हैं। तालिबान के आंतरिक मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल नफी ताकोर ने कहा कि उत्तरी समांगन प्रांत की राजधानी एबक में हुए विस्फोट में कई अन्य घायल हो गए। अभी तक किसी भी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। राजधानी काबुल से लगभग 200 किमी उत्तर में एबक में एक डॉक्टर ने कहा कि हताहतों में ज्यादातर युवा थे। ये सभी बच्चे और आम लोग हैं।

## मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नदी में चलाई नाव

**कोलकाता, (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एक बार फिर अलग अंदाज में दिखाई दी, इस बार उन्होंने नाव चला कर लोगों को हैरान कर दिया। दरअसल, सीएम ममता इन दिनों उत्तर 24 परगना के दौरे पर हैं, बुधवार को गांवों के दौरे के दौरान उन्होंने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इछामती नदी में नाव का उद् घाटन किया। वहां वह लॉन्च के दौरान ड्राइवर की सीट पर अचानक बैठ गई और नाव चलाने लगीं। उनके इस अंदाज ने सभी को चौंका दिया। ऐसा पहली बार नहीं जब ममता बनर्जी कुछ अलग करती दिखाई दे रही हैं। इससे पहले वह फुटबॉल खेलती भी दिखाई दी थीं।

# भारत में मातृ मृत्यु दर में आई गिरावट

### प्रधानमंत्री मोदी बोले, इस बदलाव को देखकर खुशी हुई



**यह देश में एक नया मील का पत्थर है। यह एक बहुत ही उत्साहजनक ट्रेंड है।**

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) में आई गिरावट को 'बहुत ही उत्साहजनक' करार देते हुए बुधवार को कहा कि महिला सशक्तिकरण से जुड़े सभी पहलुओं पर केंद्र सरकार मजबूती से काम कर रही है।

प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया की ओर से साझा किए गए उस ट्वीट पर आई है, जिसमें उन्होंने मंगलवार को कहा था कि एमएमआर में महत्वपूर्ण गिरावट दर्ज हुई है और यह देश में एक नया मील का पत्थर है। उन्होंने कहा था कि मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) में महत्वपूर्ण गिरावट आई, प्रति लाख 2014-16 में 130 से घटकर 2018-20 में 97 जीवित प्रसव हो रहे हैं। गुणवत्तापूर्ण मातृ और प्रसव देखभाल सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार की विभिन्न स्वास्थ्य नीतियों व पहल ने एमएमआर को नीचे लाने में जबरदस्त तरीके से सहायता की है।

प्रधानमंत्री ने मंडाविया को टैग करते हुए लिखा, यह एक बहुत ही उत्साहजनक ट्रेंड है। इस बदलाव को देखकर खुशी हुई। महिला सशक्तिकरण से संबंधित सभी पहलुओं को आगे बढ़ाने पर हमारा जोर बहुत अधिक है।

### बीएस-4 वाहन घोटालाः ईडी ने 22 करोड़ की संपत्ति जब्त की

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच स्क्रैप ग्राहक के खिलाफ है न कि अशोक लेलैंड के खिलाफ, कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने बुधवार को यह बयान दिया है। ईडी ने बुधवार को कहा कि उसने बीएस-4 वाहन घोटाले से संबंधित धन शोधन निवारण मामले में फर्मों की 22.10 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है और अशोक लेलैंड की भूमिका की भी जांच की जा रही है। संपत्तियां दिवाकर रोड लाइन्स और आंध्र के पूर्व टीडीपी विधायक जेसी प्रभाकर रेड्डी की जटाधारा इंडस्ट्रीज प्रा. लि.और एक अन्य फर्म सी गोपाल रेड्डी एंड कंपनी और परिवार के सदस्यों से जुड़ी फर्मों के नाम पर हैं।

### बर्फ का मजा लेते सैलानी



उत्तरी कश्मीर के गुलमर्ग इलाके (-1 डिग्री सेल्सियस) में बुधवार को बर्फ से ढकी सड़क पर सैलानी टहले। इनसेट- अनंतनाग (6 डिग्री सेल्सियस) के कुंजर में बुधवार को शीतलहर चली इस दौरान कुछ स्थानीय लोगों ने आग जलाकर ठंड से निजात पाई।

## दोषियों की रिहाई के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची बिल्किस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गुजरात के बहुचर्चित दंगों के समय गैंगरेप का शिकार बनी बिल्किस बानो अब सुप्रीम कोर्ट पहुंची हैं। उन्होंने गैंगरेप और अपनी तीन साल की बेटी को उनके ही सामने मार डालने वालों की रिहाई के खिलाफ अपील की है। बिल्किस ने 11 अपराधियों की रिहाई का विरोध किया है, जिन्हें कोर्ट में अपराधी ठहराया जा चुका है और जो सालों की जेल की सजा भी भुगत चुके हैं। बिल्किस बानों का कहना है कि अपराधियों ने क्रूरता की सभी हदें पार कर दी थी। उन्होंने मेरे परिवार के सात लोगों की जान ले ली और उन्हें छोड़ दिया गया। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में इस आधार पर पुनर्विचार याचिका लगाई है कि सुप्रीम कोर्ट उन सभी के कारनामों पर फिर से विचार करे और उनकी रिहाई का फैसला कैंसिल कर उन्हें सलाखों के पीछे भेजे।

**सीजेआई करेंगे याचिका पर फैसला:** ये मामला सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अदालत में दायर हुआ है। इसी मामले से जुड़ी एक अन्य याचिका भी उनके पास मौजूद है। अब वो ये तय करेंगे कि दोनों मामलों की सुनवाई एक साथ हो या अलग-अलग। बता दें कि बिल्किस बानो के दोषियों में से एक राधेश्याम शाह को 15 अगस्त को गुजरात सरकार ने जेल से रिहा कर दिया था। शाह को मुंबई में साल 2008 में उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। वो 15 साल चार महीने जेल में रहा था। उसी आधार पर बाकी अपराधियों को बार में रिहा कर दिया गया। इस बारे में सुप्रीम कोर्ट ने भी रिहाई का आदेश दिया था। और राधेश्याम शाह के फैसले को ही अन्य पर लागू किया था। बता दें कि संविधान के आर्टिकल 72 और 161 के तहत राष्टपति और राज्यपाल के पास विशेष शक्तियां होती हैं, जिसमें वो राज्य सरकार की सिफारिश पर किसी की सजा कम या खत्म कर सकते हैं।

# वर्तमान सरकार के कार्यकाल में डेढ़ लाख पुलिस आरक्षी चयनित

### प्रशिक्षण कार्य रिकार्ड समय में सफलतापूर्वक पूर्ण किया गयाः सीएम



**लखनऊ, (ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में पुलिस कर्मियों को बेहतर एवं अद्यावधिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराये जाने की दिशा में शासन द्वारा विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में डेढ़ लाख से अधिक चयनित पुलिस आरक्षियों का प्रशिक्षण कार्य रिकार्ड समय में सफलतापूर्वक पूर्ण कराए जाने पर मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा है कि पुलिस जहां एक ओर नवीनतम व गुणवत्तापरक जानकारी से प्रशिक्षित रहे वही आमजन के प्रति पुलिस का व्यवहार और अधिक सौम्य एवं सहयोगी के रूप में रहे। इसके लिए पुलिस की प्रशिक्षण क्षमता को और अधिक सुदृढ़ किया जा रहा है। प्रमुख सचिव, गृह संजय प्रसाद ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रशिक्षण में इस बात पर विशेष बल दिया गया है कि उसे समय पर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किया जाये तथा प्रशिक्षण प्राप्त आरक्षी जनता के साथ बेहतर समन्वय बनाकर कार्य करते हुए मित्र छवि का आदर्श प्रस्तुत करे। पुलिस की बेहतर छवि के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों को भी वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप आधुनिक जानकारियों सहित अधिक व्यावहारिक बनाये जाने पर विशेष बल दिया गया है।

### उप्र में आपदा से संबंधित चुनौतियां भी बढ़ीं: सीएम

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उप्र आबादी की दृष्टि से देश का सबसे बड़ा राज्य है। यह क्षेत्रफल की दृष्टि से भी एक बड़ा राज्य है। इस कारण प्रदेश में आपदा से सम्बन्धित चुनौतियां भी बड़ी हैं। समय से प्रशिक्षण और जागरूकता के कार्यक्रम चलाने तथा बचाव के उचित उपाय किये जाएं, तो आपदा से होने वाले नुकसान को न्यूनतम करने में सफलता प्राप्त हो सकती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को यहां इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में उप्र की मेजबानी में राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरणों के तृतीय क्षेत्रीय सम्मेलन का शुभारम्भ करने के बाद अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। ज्ञातव्य है कि इस सम्मेलन में असम, उत्तर प्रदेश, राजस्थान तथा हरियाणा प्रतिभाग कर रहे हैं।

## गुजरात में आप सरकार बनी तो बिजली बिल में राहत



**चंडीगढ़, (एजेंसी)।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान अपने राज्य से लगभग 25 हजार बिजली के ऐसे बिल लेकर यहां पहुंचे जिनकी राशि शून्य आई है। उन्होंने वादा किया कि अगर विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार बनती है तो गुजरात के लोगों को भी बिजली के बिल में इसी तरह की राहत मिलेगी। आप ने गुजरात की सत्ता में आने पर 300 यूनिट बिजली हर महीने मुफ्त देने का चुनावी वादा किया है। गुजरात की 182 सदस्यीय विधानसभा के लिए क्रमशज एक दिसंबर और पांच दिसंबर को दो चरणों में मतदान होगा। मतगणना आठ दिसंबर को होगी।

**पंजाब में 61 लाख घरों का महीने का बिजली बिल शून्य आया:** पहले चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार मंगलवार को समाप्त हो गया। मान ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पंजाब में 75 लाख घरों में से 61 लाख घरों का बिजली बिल 'शून्य' आया है जो 'आप' सरकार की इस प्रतिबद्धता को साबित करती है कि वह जो कहती है उसे पूरा करती है। उन्होंने कहा, ''मैं शून्य राशि वाले बिजली के 25 हजार बिल लेकर आया हूं जिनमें दर्ज पते और नाम की आप जांच कर सकते हैं। अब तक पंजाब में लगभग 75 लाख बिजली के मीटर लगे हैं और इनमें से 61 लाख घरों का महीने का बिजली बिल शून्य आया है। मान ने कहा कि शून्य राशि वाले बिल की संख्या दिसंबर में 67 लाख होगी क्योंकि सर्दियों में बिजली की कम खपत होती है जबकि जनवरी में ऐसे बिल की संख्या 71 लाख होगी।

### 7,500 करोड़ की बंदरगाह परियोजना के खिलाफ हिंसक आंदोलन में पुलिस को 85 लाख का नुकसान

# प्रदर्शनों की जानकारी एकत्र करेगी एनआईए



**तिरुवनंतपुरम, (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) केरल के कैथोलिक चर्च (लैटिन संस्कार) के तिरुवनंतपुरम महाधर्मप्रांत के नेतृत्व में बंदरगाह विरोधी प्रदर्शनकारियों की ओर से एक थाने पर किए गए हमले के बारे में जानकारी एकत्र करेगी।

जानकार सूत्रों ने बुधवार को बताया कि एनआईए की टीम अडाणी के विझिंजम बंदरगाह क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन के बारे में पुलिस से जानकारी एकत्र कर सकती है, जहां शनिवार और रविवार को हिंसा भड़की थी। एनआईए की ओर से यहां 7,500 करोड़ रुपए की बंदरगाह परियोजना के खिलाफ हिंसक आंदोलन और कथित बाहरी फंडिंग से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर जानकारी एकत्र करने की संभावना है। केरल पुलिस ने लगभग 85 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया है और रविवार को थाने पर हमले तथा अन्य हिंसक घटनाओं के सिलसिले में 3,000 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इससे पहले केरल उच्च न्यायालय ने विझिंजम में कानून व्यवस्था की स्थिति और पुलिस स्टेशन पर हमले पर एक रिपोर्ट मांगी थी क्योंकि बंदरगाह विरोधी प्रदर्शन 136वें दिन में प्रवेश कर गया था।

अडाणी बंदरगाह पर निर्माण कार्य तत्काल बंद करने की मांग करते हुए आंदोलनकारियों ने शनिवार को अडाणी के बंदरगाह पर निर्माण सामग्री ले जा रहे ट्रकों को क्षतिग्रस्त करने और बंदरगाह का समर्थन करने वालों पर हमला करने वाले पांच लोगों की रिहाई की मांग करते हुए थाने का घेराव किया। आंदोलनकारियों ने रविवार रात चार जीप, दो वैन और 20 बाइक को क्षतिग्रस्त कर दिया।

## राष्ट्रीय तेल रिसाव आपदा आकस्मिक बैठक की आयोजित

**चेन्नई (एजेंसी)।** भारतीय तटरक्षक बल ने बुधवार को 24वीं राष्ट्रीय तेल रिसाव आपदा आकस्मिकता योजना और तत्परता बैठक आयोजित की। आईसीजी के महानिदेशक और एनओएस-डीसीपी के अध्यक्ष वीएस पठानिया ने बैठक की अध्यक्षता की जिसमें 100 प्रतिनिधि शामिल हुए। इस बैठक में विभिन्न मंत्रालयों, केंद्र और राज्य सरकार के विभागों व एजेंसियों तथा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, बंदरगाहों एवं तेल प्रबंधन कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। रक्षा मंत्रालय की बैठक में भारतीय जलक्षेत्र में किसी भी तेल रिसाव की स्थिति से निपटने के लिए सामूहिक भागीदारी सुनिश्चित करने के वास्ते आम उद्देश्य के साथ राष्ट्रीय क्षमताओं से तैयार रहने की समीक्षा की गई।

## मंडल आयुक्त की अध्यक्षता में बैठक संपन्न, सुझाव दिए गए

**प्रयागराज, (ब्यूरो)।** माघ मेला 2022-23 को सकुशल एवं निर्विघ्न ढंग से संपन्न कराने के दृष्टिगत मंडल आयुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में मेला प्राधिकरण कार्यालय स्थित आई ट्रिपल सी सभागार में माघ मेला सलाहकार समिति की बैठक संपन्न हुई जिसमें मेले की व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक सुझाव दिए गए।

**माघ मेला 2022-23**

सर्वप्रथम गंगा नदी में कटान के कारण बसावट के क्षेत्र में कमी आने की बात पर चर्चा की गई जिसके संबंध में सलाहकार समिति के सदस्यों ने आवश्यकता पड़ने पर संस्थानों की जमीनों को बराबर अनुपात में कम करने तथा विस्थापन कराने की आवश्यकता पड़ने पर संस्थाओं का क्रम से विस्थापन करने का सुझाव दिया। इसके अतिरिक्त कटान को देखते हुए घाट वाले क्षेत्रों में कम से कम 200 फीट का सर्कुलेटिंग एरिया छोड़ने पर भी चर्चा की गई। इसी क्रम में जिन संस्थाओं एवं व्यक्तियों द्वारा राजकीय सामानों की वापसी नहीं की गई है उनकी सूची तैयार कर उनके खिलाफ कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए गए। साथ ही मेला क्षेत्र के अंदर सिर्फ धार्मिक विज्ञापनों को लगाने तथा किसी भी तरह की निषिद्ध गतिविधियों, क्रियाकलापों एवं निषिद्ध वस्तुओं जैसे मांस, मदिरा इत्यादि का सेवन वर्जित करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

# पांच वर्षों से फरार चल रहे 50 हजार का ईनामिया बदमाश पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार




प्रखर मिजार्पुर। अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन, वाराणसी राम कुमार द्वारा कई वर्षों से वांछित चल रहे व पुरस्कार घोषित अपराधियों के विरूद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है, इसी अभियान के तहत पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर आर.पी.सिंह द्वारा अभियुक्त लल्लन मौर्या पुत्र स्व0सीताराम मौर्या निवासी गोरथरा थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर के विरूद्ध 50 हजार रू0 का इनाम घोषित किया गया था तथा गिरफ्तारी के निर्देश दिये गये थे। फरार चल रहे ईनामिया अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक मीरजापुर संतोष कुमार मिश्रा द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक नगर व ऑपरेशन के नेतृत्व में कई पुलिस टीमें गठित कर यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने के निर्देश दिये गये। उक्त निर्देश के अनुक्रम मेंगठित पुलिस टीमों द्वारा ईनामिया अभियुक्त लल्लन उपरोक्त की सुरागरसी पतारसी करते हुए गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये जा रहे थे कि दिनांकः30.11.2022 कोथाना मड़िहान, स्वाट/सर्विलांस व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीमद्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना मड़िहान क्षेत्र में दबिश दी गयी, इस दौरान विगत 05 वर्षों से फरार चल रहे 50 हजार के ईनामिया अभियुक्त लल्लन मौर्या पुत्र स्व0 सीताराम निवासी गोरथरा मौजा लोरिका थाना मड़िहान जनपद मीरजापुर द्वारा गिरफ्तारी से बचने हेतु पुलिस पार्टी पर जान मारने की नियत से फायर कर भागने का प्रयास किया गया परन्तु पुलिस टीम द्वारा स्वयं को सुरक्षित रखते हुए पुलिस मुठभेड़ में अभियुक्त लल्लन मौर्या उपरोक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा 12 बोर मय एक अदद जिंदा व एक अदद खोखा कारतूस बरामद किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना मड़िहान पर मु0अ0सं0-206/2022 धारा 307 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## 6 वर्षों से फरार चल रहा 25 हजार का ईनामिया अभियुक्त गिरफ्तार




प्रखर मिजार्पुर। अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन, वाराणसी राम कुमार द्वारा कई वर्षों से वांछित चल रहे व पुरस्कार घोषित अपराधियों के विरूद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर आर.पी.सिंह द्वारा वांछित चल रहे व पुरस्कार घोषित अपराधियों को गिरफ्तारी के निर्देश दिये गये हैं । पुलिस अधीक्षक मीरजापुर संतोष कुमार मिश्रा द्वारा चलाये जा रहे उक्त अभियान के क्रम में जनपद मीरजापुर में फरार चल रहे ईनामिया अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक नगर व ऑपरेशन के नेतृत्व में कई पुलिस टीमें गठित कर गिरफ्तारी करने के निर्देश दिये गये हैं । पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा थाना को0शहर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-519/2016 धारा 419,420,467,468,471 भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त मानवेन्द्र कुमार राय पुत्र महेन्द्र कुमार राय निवासी वार्ड न03 थाना पिपरी जनपद सोनभद्र, स्थायी पता ग्राम कुण्डेसर थाना भांवरकोल जनपद गाजीपुर के विरूद्ध 25 हजार का ईनाम घोषित किया गया था । उक्त निर्देश के अनुक्रम में गठित पुलिस टीमों द्वारा ? 25 हजार के ईनामिया अभियुक्त मानवेन्द्र कुमार राय उपरोक्त की सुरागरसी पतारसी करते हुए गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किये जा रहे थे कि दिनांकः01.12.2022 को थाना को0शहर क्षेत्र से अभियुक्त मानवेन्द्र कुमार राय उपरोक्त को निरीक्षक स्वामीनाथ अपराध शाखा विवेचना सेल मीरजापुर मय टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया । उल्लेखनीय है कि अभियुक्त मानवेन्द्र कुमार राय उपरोक्त के विरूद्ध फर्जी प्रमाण पत्र के जरिये सहायक अध्यापक की नौकरी प्राप्त करने के संबंध में थाना को0शहर जनपद मीरजापुर पर दिनांक 18.07.2016 को वादिनी श्रीमती माया निरंजन संयुक्त शिक्षा निदेशक विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर के द्वारा मु0अ0सं0-519/2016 धारा 419/420/467/468/471 भादवि पंजीकृत कराया गया था तब से अभियुक्त लगातार फरार चल रहा था ।

## लघु उद्योग भारती काशी प्रांत के अध्यक्ष राजेश सिंह ने ज़िलाधिकारी चन्दौली का किया स्वागत अभिनंदन



प्रखर पूर्वान्चल चन्दौली। चन्दौली जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उद्योग बंधु की बैठक में लघु उद्योग भारती काशी प्रांत के अध्यक्ष राजेश सिंह ने ज़िलाधिकारी को स्वागत कर अभिनंदन किया साथ ही अवगत कराया की उत्तर प्रदेश सरकार की नई टेक्सटाइल पालिसी 2022 को अगर चन्दौली में सरकार व ज़िलाधिकारी के प्रयास से टेक्सटाइल के लिए पार्क या जमीन मुहैया करा दी जाती है तो चन्दौली सहित आसपास के लोगों को बृहद स्तर पर रोजगार की वृद्धि होगी और सरकार की वन ट्रिलियन एकोनामी वृद्धि में बहुत बड़ा यह जनपद सहायक होगा क्यूँकी कृषि के बाद कपड़ा वस्त्र क्षेत्र में बहुत ही ज्यादा रोजगार सृजित किया जा सकता है और सम्भावना भी है ।इसे उपायुक्त उद्योग श्री वि कौशल ने गंभीरता से सुना व बताया कि नई उद्योग नीति मे योजना में प्राइवेट निजी जमीनों पर भी उद्योग स्थापित किया जा सकता है उसके लिए भी इस टेक्सटाइल पालिसी में प्रविधान है और अपने स्तर से मैं भी प्रयास करता हूँ आई. टी. आई. के छात्रों को प्रत्येक फैक्ट्री में रखने के प्रकरण पर कहा की आई टी आई की ट्रेनिंग उन मशीनों पर होती है जो आजकल चलन से बाहर हो चुकी है जिसकी जगह आधुनिक मशीनों ने ले लिया है साथ ही बुनकरों से जुड़ी ट्रेनिंग भी आईटीआई में होनी चाहिए जिससे नए बच्चे बुनकारी कला को जानकर स्वयं उद्योग लगाए और आत्मनिर्भर हो सके। कार्यक्रम में संघठन से जुड़े रवि गुप्ता, राकेश कान्त राय, उमाशंकर राय, राजेश जायसवाल,उपस्थित रहे।

## सरकारी जमीन कराएंगे खाली, बनेंगे रोपवे के पिलर, कैंट से गोदौलिया तक सफर होगा आसान



प्रखर वाराणसी। कैंट से गोदौलिया तक प्रस्तावित रोपवे प्रोजेक्ट का कार्य शुरू हो गया है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता परखने के लिए जिलाधिकारी एस राजलिंगम पहुंचे। उन्होंने काशी विद्यापीठ व रथयात्रा में स्थल का मुआयना किया। इस दौरान रोपवे पिलर बनाने के लिए चिह्नित सरकारी जमीन का सीमांकन जल्द पूरा करने का निर्देश मातहतों को दिया। कैंट रेलवे स्टेशन से गोदौलिया चौराहे तक प्रस्तावित रोपवे प्रोजेक्ट के लिए 30 पिलर बनाए जाने हैं। इसमें 10 सरकारी जमीन पर बनेंगे। शेष के लिए प्रशासन को निजी जमीन अधिग्रहण करनी होगी। इसके बदले प्रशासन भूस्वामियों को मुआवजा देगा। डीएम ने तहसीलकर्मियों को निर्देशित किया कि रोपवे पिलर के लिए चिह्नित सरकारी जमीन का सीमांकन जल्द पूरा करें, ताकि आगे कार्य शुरू हो सके। एनएचएआई के अधिकारियों ने जमीन की समस्या बताई। डीएम ने सिगरा स्टेडियम में री-डेवलपमेंट कार्य का भी जायजा लिया। कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को दिसंबर 2023 तक निर्माण कार्य हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही रथयात्रा से महमूरगंज तक सड़क चौड़ीकरण का काम आठ माह विलंब के बावजूद अभी तक पूरा न होने पर सहायक अभियंता को शीघ्र काम पूरा करने के लिए चेतावनी दी।

## सीडब्ल्यूआर की सफाई से बाधित रहेगी पाँच दिनों तक जलापूर्ति



प्रखर मीरजापुर। नपाध्यक्ष मनोज जायसवाल बुधवार की शाम पानी आपूर्ति को लेकर वार्डो के सभासदों,जलकल अभियंता एवं गंगा प्रदूषण के नगरीय सहायक अभियंता के साथ पालिका के प्रधान कार्यालय पर बैठक की।बता दे सीडब्ल्यूआर की सफाई के कारण नगर के सात वार्डो उत्तरी सबरी, दक्षिणी साबारी, संगमोहाल, बुंदेलखंडी, महंथ शिवाला, मकरी खोह एवं गणेशगंज में सात दिसम्बर से ग्यारह दिसम्बर तक जलापूर्ति बाधित रहेगी।इन वार्डो में अस्थायी जलापूर्ति बहाल रखने के लिये नपाध्यक्ष ने बैठक कर अधिकारियों को निर्देशित किया है। इन पांच दिनों तक सात वार्डो में मिनी ट्यूबवेल, हैंडपंप एवं टैंकरों की मदद जलापूर्ति की जायेगी।इस मौके पर नपाध्यक्ष ने कहा कि टांडा से आने वाली पानी को फिल्टर कर सीडब्ल्यूआर टंकी में एकत्रित किया जाता है। जिसकी सफाई सात दिसम्बर से ग्यारह दिसम्बर तक कि जायेगी। जिन वार्डो में जलापूर्ति बाधित हो रही है,वहां मिनी टयूबवेल और टैंकरों से सप्लाई की जायेगी। इन वार्डों में लगे हैंडपंपों को भी दुरुस्त रखने का निर्देश दिया गया है। जिससे पानी की आपूर्ति बनी रहे है।इस मौके पर सभासद पति शिव कुमार पटेल, राजेश पाण्डेय, सभासद राम यादव, जाहिद अख्तर, मो. गब्बर, जलकल अभियन्ता सुधीर वर्मा, सहायक अभियंता गंगा प्रदूषण अबरार अहमद, अवर अभियंता जटा पटेल,उ्छट. संजय सिंह,आदि लोग उपस्थित रहे।

## मारपीट में घायल महिला का इलाज के दौरान मौत, मचा हड़कंप

प्रखर केराकत जौनपुर। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत तरियारी गांव मे रविवार की शाम रास्ते व नाली के विवाद में हुई मारपीट के दौरान घायल महिला का इलाज के दौरान बुधवार को मौत हो गयी। बता दे कि गांव के रामनारायन यादव व बजरंगी के बीच घर के पास रास्ते व नाली को लेकर गत तीन साल से विवाद चल रहा था। रविवार की शाम दोनो पक्षों में कहासुनी होने लगी कहासुनी होते होते मारपीट होने लगी। जिसमें बजरंगी के पक्ष से हमलावरों ने लाठी, डण्डे व फावड़ा से मारपीट कर दूसरे पक्ष के अंकित, अमन व उनकी मां हीरावती देवी को गंभीर रूप से घायल कर दिया। तीनों घायलों को इलाज कर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया, स्थिति गंभीर देख चिकित्सकों ने हीरावती देवी को ट्रामा सेन्टर के लिए रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान बुधवार को उनकी मौत हो गयी। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक केराकत संजय वर्मा ने बताया कि इस मामले में पूर्व में मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमे गिरफ्तारी भी हुई है, अब मौत के बाद धाराएं बढ़ा दी जाएंगी।

## कोहरे के कारण नागरिक परेशान छात्र-छात्राओं को भी हो रही परेशानी



प्रखर मुहम्मदाबाद यूसुफपुर (गाजीपुर)। स्थानीय जनपद अंतर्गत क्षेत्र में विगत 2 दिनों से अभी से ही कोहरा पड़ने के कारण नागरिकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। दूसरे शब्दों में यह कहा जा सकता है कि कोहरे के कारण नागरिकों का आम जीवन बिखर गया है। बताया जाता है कि विगत 2 दिनों से लगभग 8 बजे तक कोहरा पड़ रहा है। सड़कें भी कोहरे से भर जा रही हैं। स्थिति यह हो रही है कि 1 से 2 फीट की दूरी पर वाहन आने पर दिखाई पड़ रहा है। विगत 30 नवंबर की तड़के सुबह भांवरकोल थाना अंतर्गत शेरपुर निवासी एक लड़के और लड़की की ट्रक द्वारा टक्कर लगने के कारण गहरी चोट लगी। जिससे वे बुरी तरह घायल हो गए। यह घटना अष्ट शहीद इंटर कॉलेज के तिराहे पर हुई। इसी प्रकार मुहम्मदाबाद महिला चिकित्सालय के ठीक विपरीत गाजीपुर चितबड़ागांव मार्ग पर नगर पालिका ने सीवर पाइप बिछाने के लिए गहरा गड्ढा खोद रखा है। जहां गड्ढा खोदा गया है वहां कोई स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था नहीं है ।जिससे कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इस संबंध में जब पत्र प्रतिनिधि ने अधिशासी अभियंता विरेंद्र राव से बात की तो उन्होंने बताया कि जल्दी ही सीवर पाइप बिछाकर गड्ढे को भर दिया जाएगा। लेकिन कर्मचारियों की लापरवाही के चलते आज भी वह गड्ढा उसी तरह पड़ा है। बताते चलें कि रात्रि में विगत दिनों कुछ नागरिक गड्ढे में गिर चुके है ।क्षेत्र में सबसे बड़ी बात यह है कि सभी कोचिंग सेंटर बगैर रजिस्ट्रेशन चलाए जा रहे हैं। तथा पढ़ाने वाले शिक्षक भी 10वीं और 12वीं पास ही है। यह कोचिंग संचालक छात्र-छात्राओं को सुबह 6 बजे ही बुला ले रहे हैं ।यह आसानी से समझा जा सकता है कि घने कोहरे के बीच छात्र-छात्राओं का कोचिंग जाना दुर्घटना का कारण बन सकता है। यहां कुकुरमुत्ते की तरह प्रत्येक गली, चौराहे ,तिराहे पर कोचिंग सेंटर देखा जा सकता है। नागरिकों ने संबंधित अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कर कार्रवाई की मांग की है।

## जीवीपी विलोपन को लेकर नपाध्यक्ष मनोज जायसवाल ने डंगहर वार्ड के सेफ्टन मिल तिराहे पर चलाया स्वच्छता अभियान



प्रखर मीरजापुर। नपाध्यक्ष मनोज जायसवाल गुरुवार की सुबह सभासद, ईओ अंगद गुप्ता एवं स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर डंगहर वार्ड के सेफ्टन मिल तिराहे पर वृहद साफ-सफाई अभियान चलाया।बता दे उत्तर-प्रदेश सरकार द्वारा एक दिसम्बर से 3 दिसम्बर तक 75 जनपदों में 75 घण्टो तक 750 निकायों में जीवीपी विलोपन को लेकर मेगा स्वच्छता अभियान चलाया गया है।इसके अंर्तगत सभी निकायों में जहा भी कूड़े अत्यधिक मात्रा में फेंका गया है।उसकी वृहद स्तर पर साफ-सफाई कर सेल्फी लेने का निर्देश दिया गया है। मीरजापुर निकाय के सभी वार्डो में सफाई निरीक्षको, सफाई नायकों और कर्मचारियों की मदद से जीवीपी पॉइंट पर विशेष साफ-सफाई की गयी।जिन जगहों पर कूड़े की मात्रा अधिक थी वहां जेसीबी लगाकर सफाई की जा रही है।इस मौके पर नपाध्यक्ष ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन को कामयाब करने के लिये पूरे प्रदेश के जनपदों में एक दिसंबर से तीन दिसम्बर तक 75 घंटे तक मेगा अभियान चलाकर जीवीपी विलोपन का कार्य किया जा रहा है। आज डंगहर वार्ड में श्रम दान कर अभियान की शुरूआत की गयीं है। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को जीवीपी पर कार्य करने के लिये निर्देशित कर दिया गया है ।तीन दिनों तक चलने वाले इस अभियान में वृहद स्तर पर साफ-सफाई करायी जायेगी। माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नाथ के निर्देश पर चल रहे इस अभियान में वार्ड में पड़े कूड़े की साफ-सफाई हो जाने के बाद जीवीपी फ्री प्रदेश(कचरा मुक्त) की घोषणा करेंगे।

उत्तर-प्रदेश के मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन के सपने को साकार करने के लिये कड़ी मेहनत कर रहे है।इस मौके पर ईओ अंगद गुप्ता ने कहा कि शासन के निर्देश पर अड़तीस वार्डो में विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं।जीवीपी स्थलों का चिन्हीकरण कर जेसीबी लगाकर साफ-सफाई भी की जा रही है।सभी कर्मचारी कड़ी मेहनत कर शासन के मंशा को सफल करने में लगे हुये है।

इस मौके पर सभासदपति शिवकुमार पटेल, कर निर्धारण अधिकारी अरविन्द कुमार यादव,स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी संजय सिंह,नगर महामंत्री पश्चिमी नितिन विश्वकर्मा जी,पूर्व मंडल अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा शिवलाल सोनकर, चंदन, प्रदीप कन्नौजिया, श्यामू सोनकर, मानिक चंद शर्मा, उमाशंकर मोदनवाल, मदारी सोनकर, प्रेम सोनकर,राम प्रकाश सोनकर, चांदी सोनकर, अंकित गुप्ता, मित्तल साहू,बादल सोनकर, गोविंदा सोनकर, दीपक साहू, पप्पू साहू, राम लखन शर्मा, रमेश भारती, जोनल प्रभारी संजय श्रीवास्तव, डीसी हिमांशु केशरवानी आदि लोग उपस्थित रहे।

## फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक ने उत्तर प्रदेश के वाराणसी में अपनी पहली शाखा का किया उद्घाटन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। तेजी से बढ़ता डिजिटल-फर्स्ट लघु वित्त बैंक, फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक ने विरासती शहर, वाराणसी में 1दिसंबर गुरुवार को अपनी पहली शाखा का उद्घाटन किया` दुनिया के सबसे पुराने जीवित शहरों में से एक के रूप में ज्ञात और अपनी सांस्कृतिक समृद्धि के कारण एक महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल के रूप में प्रसिद्ध, वाराणसी फिनकेयर को भारत के एक प्रमुख राज्य में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने का अवसर प्रदान करता है` बैंकिंग आउटलेट का उद्घाटन करते हुए राजीव यादव, प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा, यह वाराणसी में हमारी पहली शाखा है और उत्तर प्रदेश में 44वीं शाखा है। वाराणसी के सबसे महत्वपूर्ण उद्योग कुटीर और पर्यटन हैं, और हमारा उद्देश्य हमारे अच्छी तरह से तैयार किए गए बैंकिंग समाधानों के साथ उनकी आवश्यकताएं पूरी करना है। हम सर्वोत्तम कोटि के व्यापक बैंकिंग सेवाओं के साथ ग्राहकों की सेवा करना चाहते हैं आकर्षक ब्याज दरों के साथ विभिन्न प्रकार के जमा उत्पादों के अलावा, हम क्यूआर कोड और स्वीप सुविधा, 101 फ्लैगशिप डिजिटल बचत खाता, एनआरआई बैंकिंग, सूक्ष्म और छोटे उद्यमों के लिए व्यावसायिक ऋण, सोने पर ऋण



और किफायती आवास ऋण सहित कई सुविधाओं के साथ चालू खाता की सुविधा भी प्रदान करते हैं यह बैंक 'स्मार्ट बैंकिंग' की एप्रोच के साथ विभिन्न ग्राहक क्षेत्रों की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने का इरादा रखता है और इसी एप्रोच ने इसे बैंकिंग सेवाओं का पसंदीदा प्रदाता बनाया है। वाराणसी की यह शाखा उच्च-ब्याज बचत और चालू खातों और चुनिंदा ऋण उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला प्रदान करेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व आयकर आयुक्त राजकुमार सिंह के निधन पर शोक सभा का आयोजन



प्रखर वाराणसी। बीजेपी के नेता सीए प्रमोद जी के पिता पूर्व आयकर आयुक्त लोकप्रिय समाज सेवक राजकुमार सिंह के निधन पर रोहनिया विधानसभा 387 शोक सभा हुई। समाज सेविक विनीत सिंह मोनू के नित्य में पूर्वांचल के लोकप्रिय समाज सेविक राजकुमार सिंह के निधन पर सभा में उपस्थित विनीत सिंह मोनू ने बताया राजकुमार अपने सेवा काल में समाजिक सरोकारों से बहुत बहुत गहरा लगाव था कार्यक्रम के मुख्य रूप में भूमिहार ब्राह्मण समाज के सुनील सिंह अभिषेक सिंह डीएम गगन सिंह शिवम चतुर्वेदी लालू पंडित रोशन सिंह सचिन सिंह कल्लू आदि लोग मौजूद थे।

### श्री साईं बाबा मंदिर का बड़े ही धूमधाम से मनाया गया 11वाँ स्थापना दिवस



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 1 दिसंबर गुरुवार को श्री साईं बाबा मंदिर, लोहामण्डी मलदहिया का 11वाँ स्थापना दिवस बड़े ही हर्षपूर्ण माहौल में मनाया गया` उक्त अवसर पर भव्य मराठी आरती के उपरांत बेसिक प्राइमरी विद्यालय के छोटे बच्चों द्वारा बाबा के समक्ष केक काटकर किया गया व बच्चों को पुस्तक, कापी, पेंसिल,रबर, उपहार, मिष्ठान व प्रसाद वितरित किया गया उक्त अवसर बच्चों की विशेष उपस्थिति रही` उक्त अवसर पर लोहा व्यापार मंडल के अध्यक्ष रामभजन अग्रहरि,महामंत्री व कार्यक्रम संयोजक रजनीश कनौजिया,राहुल गुप्ता, पंडित सत्यम शास्त्री ,राजीव श्रीवास्तव,अनिल श्रीवास्तव,गुलशन,सतीश कनौजिया, आशीष कुमार,अरविंद उपाध्याय, गौतम कनौजिया ,उज्जवल कनौजिया, जय सैनी ,गोलू सैनी, आदित्य चौधरी विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती अंजना सिंह, एडवोकेट सतेंद्र श्रीवास्तव सहित अन्य श्रद्धालुगण उक्त अविस्मरणीय पल के साक्षी बनें।

### मछली लदी पिकप पलटने से सड़क पर बिखरी मछलियां



प्रखर दुल्लहपुर गाजीपुर। वृहस्पतिवार की दोपहर आजमगढ़ से गाजीपुर जारही मछली लदी पिकप अचानक सड़क किनारे पलट गई। संयोग ही था कि वाहन में सवार कोई हताहत नहीं हुआ। बताया गया कि मछली विक्रेता शंकर दयाल लगभग पचास हजार की विविध प्रजाति की मछलियां पिकप में लादकर गाजीपुर जारहा था।जो मरदह तिरकारीपुर मुख्य मार्ग पर स्थित धामूपुर शहीद पार्क के मुख्य द्वार से महज सौ मीटर दूर अचानक सड़क के किनारे पलट गई। जिसके चलते पिकप में लदी मछलियां सड़क पर बिखर गई। जो मौके पर पहुंचे अनिकेत चौहान लालबहादुर गुड्डू कैलाश, सूरज आदि गांव वालों की मदद से इकट्ठा कराई गई। और ट्रैक्टर की सहायता से पिकप को सड़क पर सीधा किया गया। पिकप में पाप्लेट, प्यासी रोहू आदि की करीब सात कुंतल मछलियां बताई गई।

### मंत्री दयाशंकर सिंह ने रोटरी उदय के प्रेसिडेंट व एडवांस मेडिकल इंजीनियरिंग के निदेशक रोटेरियन अजय दूबे को किया सम्मानित




प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। दैनिक जागरण आई नेक्स्ट के द्वारा एक होटल में आयोजित कार्यक्रम अचीवर्स अवार्ड में राज्य सरकार के परिवहन एवम ट्रांसपोर्ट मंत्री दयाशंकर सिंह द्वारा रोटरी उदय के प्रेसिडेंट व एडवांस मेडिकल इंजीनियरिंग के निदेशक रोटेरियन अजय दूबे को उनके द्वारा समाज मे किये गए उत्कृष्ट सामाजिक कार्यो के लिए सम्मानित किया गया` अजय दूबे ने कहा की इस सम्मान के लिए मैं और हमारी एडवांस मेडिकल इंजीनियरिंग व रोटरी उदय की पूरी टीम की तरफ से मैं धन्यवाद देना चाहता हू इस प्रेस्टीजियस अवार्ड से सम्मानित किया और आपके इस सम्मान के लिए एडवांस मेडिकल इंजीनियरिंग व रोटरी उदय आपका धन्यवाद करता है।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह'
द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस'
सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001
से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः
9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी,
गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः
0548-2223833, +91-8858563779
+91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं